डाक पंजीयन सं. जयपुर सिटी/ 110/2024-26

R.N.I. NO. RAJHIN/2006/16735 राजस्थान एवं केन्द्र सरकार से विज्ञापनों के लिए मान्यता प्राप्त

website: www.royalpatrika.com
G-mail: royalpatrika@gmail.com
Yahoo: royal_patrika@yahoo.com

रॉयल पत्रिका मंगवाने के लिए संपर्क करें - 9799559096 0141-4982834

# रॉयल पत्रिका

प्रशासनिक सेवाओं की तैयारी कैसे करें? और सरकारी नौकरियों की जानकारी के लिए पढ़ें पृष्ठ 5

वर्ष : 20 | अंक : 50 | पेज: 08 | जयपुर, सोमवार, 12 जनवरी से 18 जनवरी 2026 | साप्ताहिक | मूल्य: 7 रुपए

## पश्चिमी बंगाल में ममता को हरा पाएगी भाजपा !

### -भाजपा ने तृणमूल कांग्रेस की सरकार को हटाने के लिए बड़े पैमाने पर अभियान चलाया है

**एम. खान**





जयपुर (रॉयल पत्रिका) । पश्चिमी बंगाल में तृणमूल कॉग्रेस पार्टी तीन बार लगातार सरकार बना चुकी है । पश्चिमी बंगाल की तेज तर्रार मुख्यमंत्री ममता बनर्जी देश की मज़बूत भाजपा विरोधी नेता मानी जाती हैं । ममता बनर्जी की भाजपा विरोधी नेताओं में प्रमुख रूप से गिनती होती है । माना जाता है कि ममता बनर्जी के लगातार तीसरी बार मुख्यमंत्री बनने के बाद भी उनकी पश्चिमी बंगाल की जनता में मज़बूत पकड़ बनी हुई है । पश्चिमी बंगाल की जनता में तृणमूल कांग्रेस और मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के खिलाफ 15 वर्षों के शासन के बाद भी एंटी इंकमेंसी जैसी धारणा नहीं है । यही कारण है कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी चौथी बार फिर से मुख्यमंत्री बनने का सपना देख रही हैं । दूसरी तरफ भाजपा पिछले 10 वर्षों से पश्चिमी बंगाल में पैर पसारने की पूरी कोशिश कर रही है । भाजपा कुछ हद तक पश्चिमी बंगाल में पहले से अधिक मज़बूत दिखाई दे रही है । भाजपा के वरिष्ठ नेता लगातार पश्चिमी बंगाल का दौरा कर रहे हैं । गृह मंत्री और भाजपा के चाणक्य माने जाने वाले अमित शाह पूरी कोशिश कर रहे हैं कि आगामी विधानसभा चुनाव में तृणमूल कांग्रेस को हराकर भाजपा की सरकार बनाई जाए । चुनाव जीतने के लिए भाजपा पश्चिमी बंगाल में हिंदुत्व कार्ड खेलने के पूरे प्रयास कर रही है, साथ में मंदिर एवं मुस्लिम विरोधी विचारधारा को पूरी तरह हवा दी जा रही है ।

**ममता बनर्जी को हराना आसान नहीं-**

वैसे भाजपा की केंद्र में मज़बूत सरकार है । भाजपा के पास मज़बूत मीडिया ग्रुप है, जो भाजपा की नीतियों और योजनाओं को उसके कार्यकर्ताओं और जनता तक पहुंचता है । इसके अलावा भाजपा के विरोधियों का मानना है कि भाजपा चुनाव जीतने के लिए ईडी, सीबीआई एवं चुनाव आयोग जैसी सरकारी एजेंसियों का दुरुपयोग करके फायदा उठाती है । इसके बावजूद पश्चिमी बंगाल में ममता बनर्जी को हराना भाजपा के लिए आसान नहीं है, क्योंकि ममता बनर्जी दूरअंदेशी वाली मेहनती लीडर हैं । पार्टी के कार्यकर्ताओं पर मज़बूत पकड़ है और राज्य सरकार की विकास एवं कल्याणकारी योजनाओं के कारण पश्चिमी बंगाल की जनता ममता बनर्जी को पसंद करती है । इसके अलावा पश्चिमी बंगाल में मुसलमानों की जनसंख्या करीब 34% है, जो तृणमूल कांग्रेस को जिताने और सरकार बनाने में मुख्य भूमिका बनाती है । भाजपा का अभी सभी हिंदू जातियों पर पकड़ नहीं है । पश्चिमी बंगाल में दलित और पिछड़े वर्ग अभी भी भाजपा से दूरी बनाए हुए हैं । फिर भी भाजपा ने पश्चिमी बंगाल के हिंदुओं में तेजी से पकड़ बनाई है, जिसके कारण भाजपा यहां काफी हद तक मज़बूत दिखाई देती है । फिर भी आजकल चुनाव को लेकर एक चर्चा बनी हुई है कि भाजपा किसी भी प्रदेश में चुनाव जीत सकती है चाहे जनता उसको वोट दें या नहीं ।

## वक़्फ़ उम्मीद पोर्टल 3 महीने के लिए फिर एक्टिव

### -जो वक़्फ़ संपत्तियां रजिस्ट्रेशन से वंचित रह गई थीं, उन संपत्तियों को अब उम्मीद पोर्टल पर रजिस्टर्ड करवाया जा सकता है



जयपुर (रॉयल पत्रिका) । वक़्फ़ बोर्ड में रजिस्टर्ड वक़्फ़ संपत्तियां जो पहले वक़्फ़ उम्मीद पोर्टल पर रजिस्टर्ड होने से वंचित रह गई थीं, उनको रजिस्टर्ड करवाने के लिए अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय भारत सरकार ने माननीय न्यायालय राजस्थान वक़्फ़ अधिकरण के आदेश दिनांक 22.12.2025 के अनुसरण में दिनांक 22.03.2026 तक का समय कर दिया गया है । अत: समस्त मुतवल्ली/कमेटियाँ वक़्फ़ बोर्ड में पंजीकृत संपत्तियों में से उम्मीद पोर्टल पर अपलोड होने से शेष रहीं वक़्फ़ संपत्तियों का डाटा अपलोड का कार्य 22 मार्च 2026 तक कर सकते हैं । वक़्फ़ बोर्ड राजस्थान के चेयरमैन डॉ. खानु खान बुधवाली ने बताया कि उम्मीद पोर्टल पर वक़्फ़ संपत्तियों के रजिस्ट्रेशन का समय अब 22 मार्च 2026 तक बढ़ा दिया गया है । उन्होंने कहा कि वक़्फ़ बोर्ड की तरफ से और व्यक्तिगत रूप से मुतव्वली और वक़्फ़ कमेटियों को कहा जा रहा है कि पहले जो वक़्फ़ बोर्ड में रजिस्टर्ड संपत्तियां उम्मीद पोर्टल पर अपलोड करने से रह गई हैं, उन्हें समय रहते पोर्टल पर अपलोड कर दिया जाए । उन्होंने कहा कि वक़्फ़ बोर्ड की ओर से उम्मीद पोर्टल पर वक़्फ़ संपत्तियों के अपलोड करने में कमेटियों की पूरी मदद की जाएगी ।

## विकसित राजस्थान के लक्ष्य में युवाओं की भागीदारी अहम - भजनलाल शर्मा

### - मुख्यमंत्री ने राष्ट्रीय युवा दिवस पर स्वामी विवेकानन्द के चित्र पर पुष्प किए अर्पित




जयपुर । मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि भारत एक युवा राष्ट्र है तथा हमारे युवा, देश और प्रदेश के कर्णधार हैं। युवाओं की ऊर्जा एवं शक्ति से ही विकसित भारत व विकसित राजस्थान के सपने को साकार किया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार युवाओं के सपनों को साकार करने तथा उनके सशक्तीकरण के लिए संकल्पित है। हमारी प्राथमिकता है कि बजट युवा केन्द्रित बने, जिससे राज्य के विकास को गति मिले और मजबूत राजस्थान का निर्माण हो सके। शर्मा सोमवार को मुख्यमंत्री निवास पर सार्वजनिक क्षेत्र में रूचि रखने वाले छात्रों से बजट पूर्व संवाद कर रहे थे। उन्होंने सभी युवाओं को राष्ट्रीय युवा दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि स्वामी विवेकानन्द हम सभी के प्रेरणास्रोत हैं। विवेकानन्द जी ने युवाओं को अपने लक्ष्य को हासिल करने के लिए अडिग रहकर काम करने का संदेश दिया।युवा तरुणाई आगे बढ़ेंगे तो देश-प्रदेश आगे बढ़ेगा।

**हम युवाओं को रोजगार के भरपूर अवसर देने के लिए प्रतिबद्ध**

शर्मा ने कहा कि गत सरकार के समय युवाओं के सपनों को रौंदा गया था। लेकिन हमारी सरकार ने आते ही पेपरलीक के प्रकरणों पर सख्त कार्रवाई की। पिछले 2 सालों में एक भी पेपर लीक नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार युवाओं को रोजगार के भरपूर अवसर देने के लिए प्रतिबद्ध है। पिछले दो वर्षों में 1 लाख से अधिक सरकारी नौकरियां दी जा चुकी हैं। करीब डेढ लाख पदों पर चयन प्रक्रियाधीन है।उन्होंने कहा कि हमने 5 साल में सरकारी क्षेत्र में 4 लाख एवं निजी क्षेत्र में 6 लाख नौकरियां देने का लक्ष्य रखा है। निजी क्षेत्र में युवाओं को अब तक दो लाख से अधिक रोजगार के अवसर दिए जा चुके हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि युवाओं में उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए हमने कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। प्रदेश में राइजिंग राजस्थान में हुए 35 लाख करोड़ के एमओयू में से 8 लाख करोड़ के एमओयू धरातल पर उतर चुके हैं। इसके लिए युवाओं के कौशल विकास को बढ़ावा दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि 3 लाख से अधिक युवाओं को कौशल प्रशिक्षण प्रदान किया गया है। राज्य सरकार द्वारा करीब 2 लाख युवाओं को इंटर्नशिप, 65 आई स्टार्टअप लॉन्चपैड नेस्ट की स्थापनातथा 658 स्टार्टअप्स को सहायता प्रदान की गई है।

**राज्य के लिए बनाया विकास का रोडमैप, पानी-बिजली के क्षेत्र में लिए ऐतिहासिक निर्णय**

शर्मा ने कहा कि हमारी सरकार ने आते ही राज्य के विकास का रोडमैप बनाते हुए पानी-बिजली की प्राथमिकता पर कार्य किया गया। पानी की उपलब्धता बढ़ाने के लिए रामजल सेतु लिंक परियोजना, शेखावाटी के लिए यमुना जल समझौता, इंदिरा गांधी नहर, देवास, माही, नर्मदा सहित विभिन्न परियोजनाओं पर भी तेजी से कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बिजली के लिए भी हमने कई अहम निर्णय किए हैं। हमने किसानों से वादा किया था कि दिन में बिजली उपलब्ध कराएंगे। इसी दिशा में अब हम 22 जिलों में दिन में बिजली दे रहे हैं। जल्द ही प्रदेश बिजली में आत्मनिर्भर बनेगा।

शेष पृष्ठ 2 पर....

## अजमेर दरगाह में मंदिर होने के दावे को सुप्रीम कोर्ट ने किया खारिज



अजमेर। अजमेर शरीफ दरगाह में मंदिर होने के दावे को लेकर दायर याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने बड़ा फैसला सुनाते हुए उसे खारिज कर दिया है। यह याचिका विश्व वैदिक सनातन संघ के प्रमुख जितेंद्र सिंह और हिंदू सेना के अध्यक्ष विष्णु गुप्ता की ओर से दायर की गई थी। याचिकाकर्ताओं ने दावा किया था कि अजमेर दरगाह परिसर में मंदिर मौजूद है और इस आधार पर दरगाह से जुड़े कुछ धार्मिक आयोजनों पर रोक लगाई जानी चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया कि इस तरह की याचिका प्रथम दृष्टया विचारणीय नहीं है और इसे स्वीकार नहीं किया जा सकता।

**उर्स और चादर पर रोक की मांग को बताया असंगत:-**

याचिका में यह भी मांग की गई थी कि अजमेर दरगाह में होने वाले सालाना उर्स के दौरान प्रधानमंत्री सहित संवैधानिक पदों पर आसीन व्यक्तियों की ओर से भेजी जाने वाली चादर पर रोक लगाई जाए। इस मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ ने की। अदालत ने साफ शब्दों में कहा कि याचिका में उठाए गए मुद्दों का कोई ठोस कानूनी आधार नहीं है और इस तरह की मांगें न्यायिक हस्तक्षेप के योग्य नहीं हैं। सुप्रीम कोर्ट ने माना कि धार्मिक परंपराओं और आयोजनों पर इस प्रकार की रोक लगाने का प्रश्न इस याचिका के दायरे में नहीं आता।

**निचली अदालत की कार्यवाही पर नहीं पड़ेगा असर:-**

सुप्रीम कोर्ट ने अपने आदेश में यह भी स्पष्ट किया कि याचिका खारिज किए जाने का निचली अदालत में लंबित दीवानी मुकदमे पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। यानी मंदिर-दरगाह से जुड़े अन्य मामलों में स्थानीय अदालतों में चल रही कार्यवाही अपने स्तर पर जारी रहेगी। केंद्र सरकार ने याचिका का विरोध करते हुए इसे राजनीतिक लाभ के उद्देश्य से दायर बताया था, जिस पर अदालत ने सहमति जताई। उल्लेखनीय है कि अजमेर शरीफ दरगाह सूफी संत ख्वाजा मोइनुद्दीन हसन चिश्ती की दरगाह है, जहां हर वर्ष उर्स के मौके पर देश-विदेश से लाखों श्रद्धालु और जायरीन श्रद्धा के साथ शामिल होते हैं।

## एंटी-टैंक गाइडेड मिसाइल का परीक्षण

नई दिल्ली । तीसरी पीढ़ी के फायर एंड फॉरगेट श्रेणी के मैन पोर्टेबल एंटी-टैंक गाइडेड मिसाइल का टॉप अटैक क्षमता के साथ परीक्षण किया गया है। रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) के मुताबिक सफलतापूर्वक उड़ान परीक्षण एक मूविंग टारगेट पर किया है। यह मिसाइल ट्राइपॉड या सैन्य वाहन-आधारित लॉन्चर से प्रक्षेपित की जा सकती है, जिससे इसकी तैनाती और उपयोग में लचीलापन बढ़ता है। यह परीक्षण महाराष्ट्र के अहिल्या नगर स्थित केके रेंज में किया गया। इस स्वदेशी मिसाइल का परीक्षण डीआरडीओ की डिफेंस रिसर्च एंड डेवलपमेंट लैबोरेटरी (डीआरडीएल), हैदराबाद द्वारा किया गया है। रक्षा मंत्रालय का कहना है कि यह अत्याधुनिक मैन पोर्टेबल एंटी-टैंक गाइडेड मिसाइल (एमपीएटीजीएम) पूर्णत स्वदेशी तकनीकों से युक्त है। इनमें इमेजिंग इंफ्रारेड, होमिंग सीकर, ऑल-इलेक्ट्रिक कंट्रोल एक्टुएशन सिस्टम, फायर कंट्रोल सिस्टम, टैंडम वारहेड, प्रोपल्शन सिस्टम तथा उच्च प्रदर्शन दृष्टि प्रणाली शामिल हैं।

## गरीबों की रोजी-रोटी छीन रही है केंद्र सरकार - डोटासरा

### -मनरेगा बचाओ संग्राम, कांग्रेस 45 दिन चलाएगी जनजागरण अभियान




जयपुर (रॉयल पत्रिका)। केन्द्र सरकार द्वारा मनरेगा कानून को समाप्त करने के विरोध में कांग्रेस पार्टी द्वारा चलाये जा रहे मनरेगा बचाओ संग्राम अभियान के तहत् रविवार को प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों पर जिला कांग्रेस कमेटियों द्वारा धरना एवं उपवास कार्यक्रम आयोजित किये गये। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा, एआईसीसी प्रभारी सुखजिन्दर सिंह रंधावा, नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली जयपुर स्थित शहीद स्मारक पर आयोजित धरना एवं उपवास कार्यक्रम में शामिल हुये। कार्यक्रम के पश्चात् उपस्थित मीडिया को सम्बोधित करते हुये प्रदेशाध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा ने कहा कि मनरेगा कानून को निरस्त कर केन्द्र की भाजपा सरकार ने देश के ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले गरीब की रोजी-रोटी छीनने का काम किया है। कांग्रेस सरकार द्वारा मनरेगा योजना लागू किये जाने पर ग्रामीण क्षेत्र में हर गरीब का अधिकार मिला था कि मांगते ही रोजगार मिले अन्यथा मानदेय दिया जाता था। इस योजना से गरीब व्यक्ति की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ हुई, परिवार पालने के साथ अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा दे पाये। गरीब व्यक्ति को महाजन और सूद खोरों के चंगुल से बचाने का कार्य इस योजना से हुआ, क्योंकि कोई भी व्यक्ति आवश्यकता पड़ने पर अपने ही क्षेत्र की पंचायत में जाकर फार्म जमाकराकर रोजगार प्राप्त कर सकता था, किन्तु अब केन्द्र सरकार ने गरीबों को सम्बल प्रदान करने वाली मनरेगा को समाप्त कर दिया है। भाजपा के नेता कभी गरीब के साथ रहे ही नहीं, इसलिये इस योजना को बंद किया है और ऐसा प्रदर्शित कर रहे हैं कि कांग्रेस का विरोध नाम बदलने के कारण है, जबकि वास्तविकता यह है कि केन्द्र की भाजपा सरकार ने पूरी योजना ही समाप्त कर दी, नई योजना के तहत् ना तो गरीब के लिये काम का अधिकार की गारंटी है, काम वहीं मिलेगा जहाँ केन्द्र सरकार आवंटित करेगी, काम उतना ही मिलेगा जितना बजट केन्द्र सरकार देगी और पूर्व में योजना के तहत् समस्त मजदूरी देने की जिम्मेदारी केन्द्र सरकार की थी, किन्तु अब राज्यों पर 40 प्रतिशत हिस्सेदारी का बोझ लाद दिया है।

शेष पृष्ठ 2 पर....

## एक दिन हिजाब पहनने वाली महिला देश की पीएम बनेगी - ओवैसी



सोलापुर। चीफ और हैदराबाद से सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने हिजाब विवाद के बीच एक बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा है कि भारत में भविष्य में हिजाब पहनने वाली महिला देश की प्रधानमंत्री बनेगी। उन्होंने यह बयान सोलापुर में एक सभा को संबोधित करते हुए दिया। इस दौरान उन्होंने अजित पवार पर भी निशाना साधा। उन्होंने भारतीय संविधान की ताकत पर पूरा जोर देकर भरोसा भी जताया। इसके अलावा उन्होंने स्थानीय मुद्दों पर भी अपनी बात रखी। दरअसल, हिजाब और बुर्का को लेकर एक बार फिर विवाद छिड़ गया है। बिहार में ज्वेलरी शॉप पर हिजाब-बुर्का पहनकर आने पर बैन लगा दिया गया है। इस मामले में अल्पसंख्यक आयोग ने पटना कलेक्टर और एसपी को एक लेटर भी लिखा है।

**'एक दिन हिजाब पहनने वाली महिला देश का नेतृत्व करेगी':-**

ओवैसी ने अपने भाषण में कहा कि पाकिस्तान के मुकाबले भारत का संविधान बेहतर है। यहां किसी को भी प्रधानमंत्री बनने का मौका मिल सकता है। इसी के चलते भविष्य में हिजाब पहनने वाली महिला देश का नेतृत्व करेगी। इस दौरान ओवैसी ने महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री अजित पवार को भी आड़े हाथों लिया। उन्होंने कहा कि अजित पवार मोदी के असर में है। उन्हें वोट देने का मतलब मोदी की नीतियों का समर्थन करना है। असदुद्दीन ओवैसी सोलापुर में अपने भाषण में जनता से कई वादे किए। उन्होंने कहा कि 16 इंच की पानी की पाइपलाइन और सड़कों की मरम्मत की जाएगी। गरीबों के लिए एंबुलेंस मुहैया कराएंगे। साथ ही प्रॉपर्टी कार्ड, जमीन के मालिकाना हक के मुद्दों को सुलझाने का भी उन्होंने वादा किया। इस दौरान उन्होंने मुस्लिम लड़कियों को शिक्षा का महत्व भी बताया। साथ ही सावित्रीबाई फुले और फातिमा शेख को याद किया। ओवैसी ने अजित पवार को सीधे बहस की चुनौती दी है। उन्होंने पीएम नरेंद्र मोदी, एकनाथ शिंदे और अजित पवार को त्रिमूर्ति करार दिया है। साथ ही कहा कि अजित पवार आज मोदी की गोद में जाकर बैठ गए हैं। उन्हें मस्जिदों और दरगाहों से कोई लेना-देना नहीं है। एक-एक वोट मोदी के लाए वक्फ कानून को ताकत देगा। यह महायुति आपकी आंखों में धूल झोंकने वाली त्रिमूर्ति है।




## एक नई राजनैतिक पार्टी, "मेरा वतन पार्टी" (मेवपा) का गठन

### -26 जनवरी से 14 अप्रैल 2026 तक दिल्ली–एनसीआर, मेवात, हरियाणा, राजस्थान और उत्तर प्रदेश में चलेगा व्यापक जनसंपर्क अभियान




नई दिल्ली । दिल्ली–एनसीआर, मेवात क्षेत्र, हरियाणा, राजस्थान और उत्तर प्रदेश में वर्ष 2026 को ध्यान में रखते हुए एक नई राजनीतिक पहल तेज़ी से आकार ले रही है। मेरा वतन पार्टी (मेवपा) के गठन को लेकर इन इलाक़ों में ज़ोरदार मुहिम चल रही है,

शेष पृष्ठ 2 पर....



# प्रान्तीय मुस्लिम तेली महापंचायत के मुहम्मद अली बने जिला अध्यक्ष

जयपुर (रॉयल पत्रिका) । प्रान्तीय मुस्लिम तेली महापंचायत की शनिवार 10 जनवरी, 2026 को बैठक का आयोजन सिन्धी कैम्प स्थित प्रदेश कार्यालय आरको पैलेस में किया गया । जिसमें मुहम्मद अली (रिटा०) शारीरिक शिक्षक को भरतपुर का ज़िला अध्यक्ष निर्वाचित किया गया । इस समारोह में अब्दुल लतीफ आरको, भरतपुर के मुनि, गणमान्य लोग हाजी रमजानी वशीर लेक्चरार (रिटा०) कलुआ खान, अब्दुल अजीज, शरीफ (घोसी) आडतिया, सुनही सरसा जाकिर हुसैन,



निजाम भाई रमजान भाई, अकबर आदि उपस्थित थे । नव निर्वाचित भरतपुर ज़िला अध्यक्ष ने जिला स्तर पर संगठन का विस्तार करने, पंचायत के उद्देश्यों में विश्वास की पूर्ति रखने वाले तेली विरादरी के अन्य कर्मठ कार्यकताओं को यथा आवश्यक उचित पद देकर जिला कार्यकारिणी का विस्तार करने, संगठन की जिम्मेदारी को निभाने को कहा । नव निर्वाचित अध्यक्ष ने सभी का आभार व्यक्त किया ।

# सत्ता के अहंकार में गरीबों का हक न छीने सरकार

## -मनरेगा खैरात नहीं, करोड़ों की जीवन रेखा है- इंदिरा मीणा

सवाई माधोपुर (रॉयल पत्रिका)। मनरेगा बचाओ संग्राम के तहत जिला कांग्रेस कमेटी सवाई माधोपुर का अंबेडकर सर्किल पर एकदिवसीय उपवास केंद्र और राज्य सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ कांग्रेस का हल्ला बोल। जिला अध्यक्ष इंदिरा मीणा विधायक के नेतृत्व में कांग्रेस कमेटी सवाई माधोपुर द्वारा 'मनरेगा बचाओ संग्राम' जन आंदोलन के तहत रविवार को अंबेडकर सर्किल पर एकदिवसीय उपवास कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला अध्यक्ष एवं विधायक इंदिरा मीणा के नेतृत्व में आयोजित इस धरने में जिला प्रभारी पुष्पेंद्र भारद्वाज, लईक अहमद प्रदेश सचिव,उप नेता प्रतिपक्ष रामकेश मीणा, दानिश अबरार,रि. आईएएस टीकाराम मीणा,जिला प्रमुख सुदामा देवी मीणा,प्रधान देव पाल एवं कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने केंद्र व राज्य सरकार की श्रमिक विरोधी नीतियों के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और मनरेगा बजट में कटौती को लेकर कड़ा विरोध जताया। इस अवसर पर उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए विधायक इंदिरा मीणा ने कहा कि सत्ता की कुर्सी पर बैठे हुक्मरान कान खोलकर सुन लें कि मनरेगा कोई 'खैरात' नहीं है, बल्कि यह देश के करोड़ों गरीबों की जिंदगी की सांस है। उन्होंने कहा कि



यूपीए सरकार द्वारा शुरू की गई इस क्रांतिकारी योजना ने ग्रामीण भारत को आर्थिक मजबूती दी थी, लेकिन वर्तमान सरकार इसे धीरे-धीरे खत्म करने की साजिश रच रही है।

**विधायक मीणा ने प्रमुख रूप से निम्नलिखित बिंदुओं पर घेरा-**

बजट में कटौती: केंद्र सरकार द्वारा लगातार मनरेगा के बजट में की जा रही कटौती गरीबों के पेट पर लात मारने जैसा है। भुगतान में देरी: श्रमिकों को समय पर मजदूरी नहीं मिल रही है, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था चरमरा गई है। मजदूरों का हक: मनरेगा सिर्फ रोजगार नहीं, बल्कि ग्रामीण मजदूरों का कानूनी अधिकार है जिसे कांग्रेस किसी भी कीमत पर छीनने नहीं देगी।

मीडिया प्रभारी अमन खान ने जानकारी देते हुए बताया कि उपवास कार्यक्रम के दौरान कांग्रेस पदाधिकारियों ने संकल्प लिया कि यदि सरकार ने मनरेगा को कमजोर करने का प्रयास बंद नहीं किया, तो इस आंदोलन को ब्लॉक स्तर से लेकर पंचायत स्तर तक ले जाया जाएगा। सत्ता के अहंकार में गरीबों का हक न छीने सरकार इस दौरान जिला कांग्रेस के वरिष्ठ पदाधिकारी,लईक अहमद प्रदेश सचिव,जिला प्रभारी पुष्पेंद्र भारद्वाज, राष्ट्रीय सचिव दानिश अबरार ,उप नेता प्रतिपक्ष रामकेश मीणा,रि.आईएएस टीकाराम मीणा,जिला प्रमुख सुदामा देवी मीणा,प्रधान देव पाल एवं समस्त ब्लॉक अध्यक्ष, नगर परिषद सदस्य, पंचायत सदस्य, समस्त पार्षद गण, जिला NSUI समस्त पदाधिकारी एवं अग्रिम संगठनों के कार्यकर्ता व समस्त कांग्रेस कार्यकर्ताओं और बड़ी संख्या में मनरेगा श्रमिक उपस्थित रहे। सभी ने एक स्वर में मांग की कि मनरेगा में कार्य दिवस बढ़ाए जाएं और मजदूरी का समय पर भुगतान सुनिश्चित किया जाए।

# ग़ज़ल

न था दुनिया में कुछ भी प्यार से पहले
क्या था ज़िंदगी में इस खुमार से पहले
मिला नहीं तो क्या जी कर करूंगा मैं
मांग लूं क्या मैं इश्क़ निगार से पहले
क़ैद है जिसे पसंद वो रिहाई क्यों मांगे
जाल में खुद फंसा जो शिकार से पहले
इश्क़ मर्ज भी है और दवा भी है इश्क़
शिफा है जो मर्ज-ए-बीमार से पहले
जान मेरी लबे दम है इंतजार में उसके
निकल न जाए कहीं उसके दिदार से पहले
इश्क़ एक ऐसा सैलाब है जो अजीज
तबाह कर देता है सब उतार से पहले



**खुद कलमी**
**अब्दुल अज़ीज़**
**झालावाड़ (राजस्थान)**

# मोहमद नासिर को मिला राष्ट्रीय क्रांतिकारी नवाचारी शिक्षक सम्मान

सवाई माधोपुर (रॉयल पत्रिका)। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मखोली, सवाई माधोपुर में कार्यरत शिक्षक मोहम्मद नासिर को राष्ट्रीय क्रांतिकारी नवाचारी शिक्षक सम्मान दिया गया। यह सम्मान शिक्षा सागर फाउंडेशन राजस्थान के तत्वाधान में दिनांक 4 जनवरी 2026 को कोटा स्थित मालव धाकड़ छात्रावास में आयोजित समारोह में दिया गया समारोह में मुख्य अतिथियों और शिक्षाविदों ने मोहम्मद नासिर द्वारा थिएटर शिक्षण, कबाड़ से जुगाड़ तथा पपेट कला को शिक्षण के माध्यम से तैयार किए गए अनूठे फॉर्मूलों की सराहना की। मोहम्मद नासिर न केवल राजस्थान, संपूर्ण भारत तक अपने नवाचारी शिक्षण तरीकों से शिक्षण के लिए पहचाने जाते हैं। इनके




द्वारा विकसित विधियों से कठिन से कठिन विषयों को भी खेल-खेल में समझना विद्यार्थियों के लिए आसान हो गया है। उक्त कार्यक्रम में देश के 15 राज्यों के 240 नवाचारी शिक्षकों को यह सम्मान प्रदान किया गया है कार्यक्रम में फाउंडेशन के संस्थापक गुजरात के शैलेश प्रजापति, हरियाणा के राष्ट्रीय प्रेरक सुरेश राणा, छत्तीसगढ़ की गायत्री मिश्रा, कोटा की KBC विजेता व स्टेट अवॉर्डी शोभा कंवर, संयोजक कोटा निवासी भुवनेश मालव, कोटा जिला शिक्षा अधिकारी राम चरण मीणा ने प्रशस्ति पत्र, मेडल एवं मोमेंटो देकर मोहम्मद नासिर को सम्मानित किया गया।

# बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार के विरोध में आम आदमी पार्टी का शांतिपूर्ण प्रदर्शन संपन्न

**सादिक हिन्दुस्तानी**

जयपुर (रॉयल पत्रिका) । आम आदमी पार्टी, जयपुर शहर की ओर से बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदू समुदाय पर हो रहे अत्याचारों के विरोध में जयपुर शहर के शहीद स्मारक पर शांतिपूर्ण प्रदर्शन आयोजित किया गया। जयपुर जिला अध्यक्ष अमित दाधीच ने बताया कि बांग्लादेश में हिंदू समुदाय पर हो रहे हमले मानवाधिकारों पर सीधा प्रहार हैं। चुनावों के दौरान "हिंदू खतरे में है" जैसे नारों का उपयोग करने वाली भारतीय जनता पार्टी और केंद्र सरकार की इस गंभीर मुद्दे पर चुप्पी सवालों के घेरे में है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा अब तक कोई आधिकारिक बयान न दिया जाना दुर्भाग्यपूर्ण एवं चिंताजनक है। जिला संगठन महामंत्री संगीता गौड़ ने बताया की




आम आदमी पार्टी का यह प्रदर्शन केवल राजनीतिक विरोध नहीं, बल्कि न्याय, मानवाधिकार और इंसानियत की आवाज़ है।पार्टी के प्रदेश स्तर से लेकर वार्ड स्तर तक के सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने इस कार्यक्रम में भाग लिया। बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे हमले पूरी मानवता के लिए चिंता का विषय हैं, लेकिन केंद्र सरकार और भाजपा इस मुद्दे पर चुप्पी साधे हुए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा इस विषय पर अब तक कोई ठोस बयान न देना सरकार की संवेदनहीनता को दर्शाता है। आम आदमी पार्टी ने इसे इंसाफ और मानवाधिकारों की लड़ाई बताते हुए केंद्र सरकार से शीघ्र हस्तक्षेप करने की मांग की है।

# ग़ज़ल

तेरे बोसों की करामात तौबा तौबा
भूल ना पाऊं यह सौगात तौबा तौबा
मिल ना पाएंगे अकेले ही रह जाएंगे
कैसे कहते हो ऐसी बात तौबा तौबा
आज मौका है अरमान ना रहें बाकी
फिर ना होगी यह मुलाक़ात तोबा तोबा
जिस्म मेरा नहीं जां भी कहां मेरी है
रूह करती है मुना जात तौबा तौबा
जान देकर चुकाए नहीं जाते अक्सर
चाहे जितने हों एहसानात तौबा तौबा
यह मुक़द्दस रूहों की ज़मी हिंद मेरी
यां ये नफरत ये जुल्मात तौबा तौबा
नाज़ है दौरे - जमा को अब भी लेकिन
चश्मे नम हैं ये मकामात तौबा तौबा
जान मेरी है हथेली तो मगर तेरी है
तेरी मरजी तेरे कल मात तौबा तौबा
जिक्र तेरा किया तोहफे भी तुझको दिए
ऐसे गुजरी है मेरी रात तौबा तौबा
एक ही ख़्वाहिश यूं ज़िन्दगी में काफी है
ख़्वाहिशों की है ये बरसात तौबा तौबा

**-फ़ज़लुर्रहमान**

# अवैध कॉलोनियों पर चला जेडीए का बुलडोजर भू-माफियाओं में मचा हड़कंप

जयपुर (रॉयल पत्रिका) । जयपुर विकास प्राधिकरण (JDA) ने आज अवैध निर्माण और भू-माफियाओं के खिलाफ अपना कड़ा रुख अपनाते हुए आमेर विधानसभा जयपुर में बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया।

**बुलडोजर से ढहाए अवैध निर्माण-**

आमेर के नाई की थड़ी स्थित 'गोल्डन सिटी' में शुक्रवार की अलसुबह प्रशासन का पीला पंजा गर्जा। जेडीए और जीडीए की संयुक्त टीम ने भारी पुलिस जाब्ते के साथ मौके पर पहुँचकर अवैध रूप से बसाई जा रही कॉलोनी पर बुलडोजर चलाया। कार्रवाई के दौरान वहां बनाए गए पक्के निर्माण, बाउंड्री वॉल और सड़कों को पूरी तरह ध्वस्त कर दिया गया।

**मौके से भागे भू-माफिया-**



जैसे ही प्रशासनिक अमला और बुलडोजर मौके पर पहुँचे, वहां मौजूद भू-माफिया और उनके गुर्गे स्थिति को भांपते हुए फरार हो गए। जेडीए की इस अचानक हुई कार्रवाई से इलाके में हड़कंप मचा हुआ है।

**प्रशासन का सख्त संदेश-**

जेडीए अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि जयपुर और इसके आसपास के क्षेत्रों में किसी भी प्रकार का अवैध कॉलोनी बसाने का प्रयास बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। प्रशासन ने आम जनता से भी अपील की है कि: किसी भी भूमि को खरीदने से पहले उसके पट्टे और जेडीए अप्रूवल की जांच जरूर करें। बिना अनुमति के किए जा रहे निर्माणों पर आगे भी इसी तरह की सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

# सुनारों की गली में पौष बड़ा का हुआ भव्य आयोजन

सांगानेर (रॉयल पत्रिका)। सर्राफा संघ सांगानेर के तत्वाधान में सुनारों की गली सांगानेर के मैन मार्केट में पौष-बड़ा प्रसादी का बेहतरीन कार्यक्रम रखा गया था । कार्यक्रम संयोजक राम जी शर्मा, सुवालाल सोनी, अमरचंद ने बताया कि इस पोस-बड़ा प्रसादी के कार्यक्रम मे सैकड़ो लोगों ने भोजन प्रसादी का आनंद लिया। भोजन प्रसादी कार्यक्रम में एडवोकेट दिनेश शर्मा, व्यापार महासंघ



सांगानेर के अध्यक्ष त्रिलोक चौधरी, महामंत्री ओमप्रकाश शर्मा उपाध्यक्ष रामजीलाल शर्मा, मन्नू भाई, जगदीश सोनी, घनश्याम साहू आदि सैकड़ों लोगों ने भोजन प्रसादी का आनंद लिया ।

# पृष्ठ एक का शेष....

## एक नई राजनैतिक पार्टी, "मेरा वतन पार्टी" (मेवपा) का.........

जिसका औपचारिक ऐलान 14 अप्रैल 2026 को संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर किया जाएगा। इससे पहले 26 जनवरी 2026 से 14 अप्रैल 2026 तक एक व्यापक जनसंपर्क अभियान की शुरुआत की जाएगी, जिसके तहत पार्टी से जुड़े कार्यकर्ता और समर्थक आम जनता से सीधा संवाद स्थापित करेंगे। अभियान का उद्देश्य सामाजिक न्याय, भाईचारा, संवैधानिक मूल्यों और क्षेत्रीय विकास से जुड़े मुद्दों को जन-जन तक पहुंचाना बताया जा रहा है। ग़ौरतलब है कि ऐतिहासिक मेवात क्षेत्र केवल हरियाणा तक सीमित नहीं है, बल्कि राजस्थान में जयपुर तक और उत्तर प्रदेश में आगरा, अलीगढ़ व मेरठ तक फैला हुआ है। आज़ादी के आंदोलन में इस पूरे इलाके की भूमिका बेहद अहम रही है। यह क्षेत्र आपसी भाईचारे, साझी संस्कृति और राष्ट्रीय एकता की मिसाल के रूप में जाना जाता है। मेवपा से जुड़े सूत्रों के अनुसार पार्टी का दावा है कि वह इसी साझा विरासत, सामाजिक समरसता और संवैधानिक सोच को राजनीति के केंद्र में लाकर एक वैकल्पिक और सकारात्मक राजनीतिक मंच तैयार करना चाहती है। आने वाले महीनों में इस मुहिम के और तेज़ होने तथा सियासी हलकों में नई चर्चाओं को जन्म देने की संभावना जताई जा रही है।

# जीवनसाथी सामाजिक सेवा संस्थान ने चारा खिलाकर गौ माता से लिया आशीर्वाद

सांगानेर (रॉयल पत्रिका)। संस्था के प्रदेश अध्यक्ष सद्दाम कुरेडी ने बताया है कि सांगानेर का एक मात्र जीवन साथी सामाजिक सेवा संस्थान ऐसा संस्थान है जो एक नहीं अनेक उद्देश्यों को लेकर सांगानेर की पावन धरा पर अवतरित हुआ है। राजस्थान सरकार की अनेक लाभकारी योजनाएं जो सर्व समाज, हर वर्ग,के हितों का खयाल रखते हुए बनाई गई हैं। उनके प्रचार प्रसार के लिए हमारी संस्था कटिबद्ध है। यदि हमको कोई भी दायित्व दिया जाता है तो हम अपने को सौभाग्यशाली समझेंगे और तन मन धन से, ईमानदारी से अपने कर्तव्यों का पालन करेंगे। इसी उद्देश को लेकर जीवन साथी



सामाजिक सेवा संस्थान की टीम ने आज सांगानेर की पिंजरा पोल गौशाला में जाकर गाय माता को चारा खिलाकर अपने मिशन का श्री गणेश किया। हम होंगे कामयाब एक दिन, मन में है विश्वास, पूरा है विश्वास, हम होंगे कामयाब एक दिन। इसी पैगाम को लेकर चारों दिशाओं में हमारी टीम फैल चुकी है। जनता का प्यार, सरकार का दुलार और भगवान का आशीर्वाद से हम होंगे एक दिन कामयाब। सबका हो साथ और सबका हो विकास यही है हमारा विश्वास। इस सुनहरे मौके पर प्रदेश अध्यक्ष सद्दाम कुरेडी, प्रदेश उपाध्यक्ष हर्षिता चौधरी, शाहिद खान पलाई, मनोज, शाहिल आदि मौजूद रहे।

# रॉयल पत्रिका को पेमेंट करने का तरीका

**रॉयल पत्रिका में भुगतान नकद या चेक द्वारा रॉयल पत्रिका के पंजाब नेशनल बैंक, त्रिपोलिया बाजार, जयपुर के खाता संख्या 1939002100241695 में या पंजाब नेशनल बैंक की किसी भी नजदीकी शाखा में जमा करवा सकते हैं अथवा IFSC Code PUNB0193900 पर भी भुगतान नेट बैंकिंग के द्वारा कर सकते हैं। आपके सहयोग के लिए धन्यवाद ।**

Scan Here

**-संपादक**

# पृष्ठ एक का शेष....

## गरीबो की रोजी-रोटी छीन रही है केंद्र सरकार.....

राजस्थान जैसे प्रदेश में जहाँ भाजपा की प्रदेश सरकार के दो वर्ष के वित्तीय कुप्रबंधन के कारण कर्मचारियों को तनख्वाह देना भी मुश्किल हो गया है, वृद्धावस्था, विधवा सहित पेंशन योजना के तहत् समय पर पेंशन सरकार नहीं दे पा रही है, बच्चों को स्कॉलरशिप नहीं मिल रही है, मूलभूत ढाँचे के कार्य नहीं हो रहे हैं, पूर्व में कांग्रेस सरकार द्वारा जो कार्य करवाये गये थे उनका भी भुगतान नहीं किया जा रहा है, ऐसी खराब आर्थिक स्थिति है कि राजस्थान सरकार का कर्ज सवा लाख करोड़ रूपये तक पहुँच गया है, ऐसे में नई योजना के तहत् 40 प्रतिशत हिस्सेदारी का भार वहन करना राजस्थान सरकार के बूते की बात नहीं है और योजना खत्म करने के लिये ही केन्द्र सरकार ने ऐसे प्रावधान किये हैं। उन्होंने कहा कि राजस्थान में भाजपा सरकार ने पंचायती राज संस्थाओं एवं नगर निकायों के चुनाव नहीं करवाये, जिस कारण प्रदेश का 3000 करोड़ रूपये की केन्द्र से मिलने वाली राशि लैप्स होने की कगार पर है। मनरेगा योजना के तहत् बकाया राशि का भुगतान नहीं हो पा रहा है, ऐसे में नये प्रावधानों के तहत् यह योजना चलना नामुमकिन प्रतीत होती है। कांग्रेस पार्टी मनरेगा योजना को पूर्व प्रावधानों के साथ पुर्नस्थापित कराने के लिये संघर्ष कर रही है, प्रदेश के गाँव-गाँव, ढाणी-ढाणी में कांग्रेस के नेता एवं कार्यकर्ता जाकर भाजपा के कुत्सित उद्देश्यों को उजागर करने का कार्य करेंगे। उन्होंने कहा कि 45 दिन तक विभिन्न स्तरों जिला, ब्लॉक, मण्डल और बूथ स्तरों पर भाजपा सरकार के विरूद्ध जन जागरण अभियान जारी रहेगा। कांग्रेस के समस्त नेता एवं कार्यकर्ता गरीब कल्याण की देश की सबसे बड़ी योजना मनरेगा को पुर्नस्थापित कराने के लिये कोई कसर नहीं छोड़ेंगे। राजस्थान प्रभारी सुखजिन्दर सिंह रंधावा ने कहा कि पूरे देश में कांग्रेस पार्टी गरीबों की सुरक्षा के लिये बनाई गई मनरेगा को पनुः लागू कराने हेतु आन्दोलन कर रही है। भाजपा के नेताओं को गरीब से कोई सरोकार नहीं है, वे उद्योगपतियों के तो ऋण माफ कर देते हैं किन्तु गरीब कल्याण के लिये मनरेगा योजना चलाने के लिये उनके पास बजट देने की मंशा नहीं है।

इस अवसर पर नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने मुख्यमंत्री से प्रश्न किया कि प्रदेश की विपरीत आर्थिक स्थिति के बावजूद क्या राजस्थान की भाजपा सरकार मनरेगा के स्थान पर लागू नई योजना के तहत् राज्य का 40 प्रतिशत हिस्सा वहन करने के लिये तैयार है, इस बात की जानकारी दें। उन्होंने कहा कि केवल केन्द्र सरकार जितना बजट दे उतना ही काम नई योजना के तहत् दिया जा सकेगा, उससे अधिक कार्य करवाने पर राज्यों को ही खर्चा वहन करना होगा, यह अन्याय है, इसलिये केन्द्र सरकार को तुरंत गरीब कल्याण हेतु मनरेगा योजना को पुनः लागू करना चाहिये।

# सूचना

समाचार पत्र में प्रकाशित लेखों में लेखक के अपने विचार हैं, इनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है। समस्त विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा।

# पृष्ठ एक का शेष....

## विकसित राजस्थान के लक्ष्य में युवाओं की भागीदारी.........

**राजस्थान में हर क्षेत्र में अपार संभावनाएं**

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में 'विकास के साथ विरासत' की अवधारणा पर कार्य कर रही है। इसी क्रम में शेखावाटी की हवेलियों के संरक्षण के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध है तथा 662 ऐतिहासिक हवेलियों को संरक्षण और पुनरुद्धार के लिए चिन्हित किया गया है। उन्होंने कहा कि राजस्थान में हर क्षेत्र में अपार संभावनाएं हैं। राज्य में 82 प्रकार के खनिज संसाधन हैं तथा प्रदेश केपर्यटन स्थल की विश्व में अपनी पहचान है। यहां की झीलें, किले, हवेलियां, मरुस्थल तथा धार्मिक स्थल देश-विदेश के पर्यटकों के लिए प्रमुख केन्द्र हैं।

# विकसित सांगानेर के तहत वार्ड 66 में सीसी रोड का हुआ निर्माण

सांगानेर (रॉयल पत्रिका) विकसित सांगानेर के तहत वार्ड 66 में सीसी रोड का हुआ निर्माण। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की विधानसभा सांगानेर में विकास की गति धीरे-धीरे रफ्तार पकड़ने लगी है। हमने पहले भी कहा था और




अब भी कह रहे हैं कि सांगानेर विधानसभा का कायाकल्प शीघ्र ही धरातल पर दिखाई देने वाला है । जो विकास 20 साल में नहीं हुआ। वह 5 साल में शीघ्र ही दिखाई देने वाला है। इसी कड़ी में वार्ड 66 में स्थित निर्मोही सिटी पश्चिम विहार F- ब्लॉक कॉलोनी में पार्षद अशोक बोहरा के सानिध्य में सीसी रोड का विधिवद रुप से पूजा कर शिलान्यास किया गया। इस मौके पर लालाराम, मंगला राम, विष्णाराम, राधेश्याम, कमलेश, मनोज मिश्रा, शंकर, रणजीत, राजेश,सँवारा और वार्ड के कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# 5 फरवरी को एक दिवसीय सुन्नी इज्तिमा जयपुर में

## -तालीमी बेदारी व इस्तिकबाल-ए-माहे रमज़ान मॉडर्न एजुकेशन पर होंगे व्याख्यान






जयपुर (रॉयल पत्रिका) । अंजुमन मोहिब्बाने अहलेबैत के तथ्वावधान में ख्वाजा नगर, अमृतपुरी, घाटगेट जयपुर में स्थित मदरसा गुलशन-ए-हुसैन में तकमीले नाजिराह कुरआन पर एक दिवसीय तालीमी बेदारी समारोह मनाया जायेगा । जिसमें देशभर से इस्लामिक विद्वान शामिल होंगे तथा विषयवार व्याख्यान देंगे। कार्यक्रम आयोजक काज़ी-ए-अहले सुन्नत मौलाना काज़ी वली मोहम्मद शेरी खतीबो इमाम ने बताया कि 5 फरवरी को रात 8 बजे गरीब नवाज़ चौक, ट्रांसपोर्ट नगर, जयपुर में तालीमी बेदारी इज्तिमा मुफ्ती-ए-शहर जयपुर खलीफा-ए हुजूर ताजुशशरीअह हज़रत अल्लामा मुफ्ती अब्दुस सत्तार साहब राज़वी की सरपरस्ती व अता-ए-हुजूर हाफिज़-ए मिल्लत खलीफा ए हुजूर ताजुशशरीअह हज़रत अल्लामा कारी मोहम्मद एहतेराम आलम साहब अज़ीजी मिस्बाही की अध्यक्षता व खलीफा ए हुजूर शैखुल इस्लाम हजरत अल्लामा कारी ज़ाहिद हुसैन साहब नूरी व हज़रत अल्लामा गुलाम मोइनुद्दीन कादरी की कियादत में होगा। जिसमें मुख्य अतिथि इस्लामी स्कॉलर हज़रत मौलाना सैय्यद सुल्तान चिश्ती साहब अजमेर-ए-मोअल्ला व हज़रत अल्लामा मौलाना मोहम्मद फज़्ले हक पूर्व चेयरमैन मदरसा बोर्ड राजस्थान व हज़रत अल्लामा मौलाना अंसारूल कादरी साहब (अजमेर शरीफ) हुजूर की सीरत व अता-ए-रसूल ख्वाजा गरीब नवाज़ की जीवनी पर विस्तार से विचार व्यक्त करते हुए उनके जीवन यापन सुन्नत तरीके एवं व्यवहारिक जिंदगी के बारे में बताते हुए उपस्थित विशाल जन समूह को संबोधित करेंगे व हज़रत मौलाना सद्दाम हुसैन साहब राज़वी बरेली शरीफ व इस्लामी स्कॉलर हज़रत मौलाना मुफ्ती हैदर अली मदनी दारूल इफ्ता अहले सुन्नत मुम्बई व हज़रत मौलाना सैय्यद मोहम्मद कादरी व हज़रत मौलाना सैय्यद शेर अली साहब मदनी व हज़रत मौलाना गुलाम रब्बानी राज़वी व हज़रत मौलाना मुफ्ती इरफान मरकज़ी व अज़ीज़म मौलाना मोहम्मद सुफियान अत्तारी, अजमते कुरआन, फज़ाइले माहे रमज़ान, इस्लाम की बुनयादी व अखलाकी तालीम के साथ-साथ समाज में मॉडर्न एजुकेशन पर विस्तार से रौशनी डालेंगे। वार्ड नम्बर 88 के पार्षद रईस कुरैशी ने बताया कि अलहम्दुलिल्लाह इस मुबारक मौके पर मदरसा गुलशन-ए-हुसैन में ज़ेरे तालीम-11 तलबा व तालिबात ने तकमीले नाज़िराह कुरआन-ए-मजीद किया है। जिसमे अज़ीज़ा रिदा फातिमह बिनते मोहम्मद इरफान अंसारी ने 6 साल की उमर में तजवीद व मखारिज के साथ नाजिराह कुरआन-ए-पाक मुकम्मल किया व हाजी अब्दुल हमीद साहब नूरी, हाजी मोहम्मद जावेद साहब अंसारी, हाजी अब्दुल अज़ीज़ साहब मंसूरी, मोहम्मद अनस अंसारी, मोहम्मद आरिफ अंसारी व मोहम्मद शाहिद खान नेताजी ने बताया कि अंजुमन मोहिब्बाने अहलेबैत की जानिब से इन सबको इनआमात से नवाज़ा जायेगा। इस सुन्नी इज्तिमा का सलातो सलाम व खुसूसी दुआ के साथ समापन होगा।

# राजस्थान रेडियेशन टेक्नोलॉजिस्ट एसोसिएशन RRTA की प्रदेश कार्यकारिणी का विस्तार



जयपुर (रॉयल पत्रिका)। राजस्थान रेडियेशन टेक्नोलॉजिस्ट एसोसिएशन (RRTA) के प्रदेश अध्यक्ष अनिल कुमार कुमावत एवं महासचिव दुर्गेश सैन ने प्रदेश कार्यकारिणी का विस्तार किया है। जवाहर लाल नेहरू मेडिकल कॉलेज अजमेर से सेवानिवृत अधीक्षक रेडियोग्राफर देवेंद्र सिंह जाराजस्थान रेडियेशन टेक्नोलॉजिस्ट एसोसिएशन RRTA की प्रदेश कार्यकारिणी का विस्तार दौन को मुख्य संरक्षक, कोटा मेडिकल कॉलेज से सेवानिवृत अधीक्षक रेडियोग्राफर उजागर सिंह, उदयपुर में कार्यरत अधीक्षक रेडियोग्राफर मनोज सक्सेना, कोटा मेडिकल कॉलेज से सेवानिवृत वरिष्ठ रेडियोग्राफर प्रर्मिल चतुर्वेदी, जिला चिकित्सालय ब्यावर से सेवानिवृत अधीक्षक रेडियोग्राफर श्यामसिंह चौहान, झुंझुनूं से सेवानिवृत अधीक्षक रेडियोग्राफर कृष्णकुमार बुडानिया एवं जिला चिकित्सालय धौलपुर में कार्यरत अधीक्षक रेडियोग्राफर राजकुमार शर्मा को वरिष्ठ सलाहकार मनोनीत किया है। वरिष्ठ रेडियोग्राफर वकी अहमद को मुख्य प्रदेश प्रवक्ता एवं मीडिया प्रभारी मनोनीत किया है। कोटा से महेश दुबे, जयपुर से भवानीशंकर कुमावत, भरतपुर से सोनवीर कुंतल, राजसमंद से प्रिंस जोशी को प्रदेश प्रवक्ता बनाया है। जयपुर से राकेश कुमार शर्मा को कोषाध्यक्ष एवं गजानंद माचिवाल को सह कोषाध्यक्ष मनोनीत किया गया है। महिला संघटन मंत्री के रूप में धौलपुर से ऋतु गोयल की नियुक्ति की गई है। वही प्रदेश उपाध्यक्ष पद पर धौलपुर से सुरेश मीना, जयपुर से दिनेश मीना, अलवर से अजय तिवाड़ी, अजमेर से नितेश उदय, उदयपुर से राजेंद्र मीना, डूंगरपुर से धनपाल पाटीदार, बांसवाड़ा से सुरेंद्र कुमार की नियुक्ति की गई है। वहीं धौलपुर से राजकुमार दिवाकर, कोटा से मुकेश सामरिया, जयपुर से राकेश कुमार दंडोतिया, उदयपुर से जितेंद्र कुमावत, श्रीगंगानगर से हरप्रीत सिद्धू, सीकर से विनोद कुमावत, किशनगढ़ से सेवन कुमार को संघटन मंत्री पद पर मनोनीत किया गया है। प्रदेश सचिव पद पर कोटा से सुरेश मीना, उदयपुर से पुनीत कश्यप, सवाई माधोपुर से राहुल करसोलिया, करौली से शिव सागर मीना, ब्यावर से दीपक मेहरात, अजमेर से जुम्मन दीन एवं कृष्णकुमार वर्मा का मनोनयन हुआ है। इसी प्रकार प्रदेश सयुक्त सचिव पद पर जयपुर से देवनाथ त्यागी, अलवर से योगेश यादव, बीकानेर से शहनाज आलम, कोटा से लालचंद कछावा, धौलपुर से त्रिवेंद्र सिंघल, सवाई माधोपुर से प्रदीप गौतम, दौसा से कार्तिक सैनी की नियुक्ति हुई है। प्रदेश अध्यक्ष अनिल कुमार कुमावत, महासचिव दुर्गेश सैन एवं मुख्य प्रदेश प्रवक्ता एवं मीडिया प्रभारी वकी अहमद सभी नव नियुक्त पदाधिकारियों को सभी के मनोनयन पर शुभकामनाएं एवं संघटन हित में पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी से काम करने की प्रेरणा दी ।

# 15 जनवरी को आयोजन होगा "आर्मी डे परेड"

## -परेड क्षेत्र में वाहनों की रहेगी नो एंट्री



जयपुर (रॉयल पत्रिका)। गुलाबी नगरी जयपुर में पहली बार आयोजित हो रही आर्मी डे परेड (Army Day Parade) को लेकर जयपुर पुलिस पूरी तरह मुस्तैद है। पुलिस कमिश्नर सचिन मित्तल ने एक प्रेसवार्ता कर शहर की यातायात व्यवस्था को लेकर अहम जानकारी दी। कमिश्नर मित्तल ने बताया कि 15 जनवरी को जगतपुरा स्थित महल रोड (Mahal Road) पर सेना के शौर्य का प्रदर्शन होगा। सुरक्षा और परेड के सुचारू संचालन को देखते हुए इस मार्ग पर सुबह 5 बजे से दोपहर 1 बजे तक आम वाहनों के लिए यातायात पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। ट्रैफिक एडवाइजरी जारी: पुलिस कमिश्नर ने आमजन से अपील की है कि वे 15 जनवरी को इस समय के दौरान महल रोड की ओर जाने से बचें और वैकल्पिक मार्गों का उपयोग करें। उन्होंने कहा कि यह आयोजन जयपुर के लिए गर्व का विषय है, इसलिए जनता पुलिस का सहयोग करे ताकि कार्यक्रम भव्यता के साथ संपन्न हो सके।

# भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी की बगरु में बैठक



जयपुर (रॉयल पत्रिका) । बगरू जयपुर में महिंद्रा ऐंड महिंद्रा कंपनी की शाखा यूनियन में रविवार 11जनवरी को मीटिंग आयोजित की गई । जिसमें कामरेड प्रेमजी को 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि दी गई । बगरू जयपुर में महिंद्रा एण्ड महिंद्रा कंपनी की शाखा यूनिट यूनियन के सेक्रेटरी सीताराम चौपड़ा ने भारतीय जनता पार्टी की सरकार द्वारा चार नए बनाऐ काले कानूनों के बारे में यूनियन के सदस्यों से चर्चा की । मीटिंग में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी जयपुर शहर सचिव नईमुद्दीन आकिल तथा NFIW की कार्यकारी अध्यक्ष मीनाक्षी बिंदोरिया और ऑल इंडिया तंजीमें इंसाफ जयपुर शहर के महासचिव अब्दुल अंसार एडवोकेट ने मीटिंग में भाग लिया।

# चार दरवाजा में हार्डवेयर दुकान में लगी भीषण आग

## -दुकान में अचानक लगी आग, लाखों का सामान जलकर हुआ खाक

## -5 दमकल गाड़ियों ने पाया आग पर काबू,शॉर्ट सर्किट माना जा रहा आग का कारण



जयपुर (रॉयल पत्रिका)। राजधानी जयपुर के रामगंज थाना इलाके के घोड़ा निकास रोड स्थित एक हार्डवेयर की दुकान में 8 जनवरी को अचानक भीषण आग लग गई। आग इतनी भयावह थी कि दुकान में रखा लाखों रुपये का सामान जलकर पूरी तरह खाक हो गया। स्थानीय लोगों ने जब दुकान से धुआं उठता देखा, तो तुरंत दुकानदार इरफान को सूचना दी। सूचना मिलते ही इरफान मौके पर पहुंचे और जैसे ही शटर खोला, अंदर से आग की लपटें निकलती दिखाई दीं। घबराए दुकानदार ने तुरंत दमकल विभाग और रामगंज थाना पुलिस को सूचना दी। मौके पर दमकल विभाग की करीब पांच गाड़ियां पहुंचीं और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। काफी देर तक इलाके में अफरा-तफरी का माहौल बना रहा। दुकानदार इरफान का कहना है— "मेरी दुकान में लाखों का माल था, सब कुछ जलकर खाक हो गया। दुकान के अंदर और बाहर सीसीटीवी कैमरे लगे हुए हैं।" प्रारंभिक जांच में आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट माना जा रहा है।वहीं घटना की सूचना मिलते ही एसीपी रामगंज आदित्य पुनिया मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का जायजा लिया। फिलहाल पुलिस हर पहलू से मामले की जांच में जुटी हुई है। आग से हुए नुकसान का आंकलन किया जा रहा है।

# कुंडों का त्यौहार सामाजिक एकता और धार्मिक आस्था का प्रतीक है- पठान



मनोहरपूर (रॉयल पत्रिका)। कॉंग्रेसी नेता नदीम खान पठान ने कहा कि कुंडों का त्यौहार मुस्लिम समुदाय द्वारा मनाया जाने वाला एक महत्वपूर्ण त्योहार है, जो हजरत इमाम जाफ़र सादिक़ (अ.) की याद में मनाया जाता है। इस त्योहार में मिट्टी के कुंडे (बर्तन) में खीर, पूड़ी और मीठी टिकिया भरकर फातिहा दिलाई जाती है और मन्नतें माँगी जाती हैं, खासकर बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए।

**इस त्योहार के मुख्य बिंदु:**
कब मनाया जाता है- इस्लामी कैलेंडर के रजब महीने की 22 तारीख को। क्यों मनाया जाता है: हजरत इमाम जाफ़र सादिक़ (अ.) की याद में, उनकी दुआओं से मुरादें पूरी होने की मान्यता के कारण। क्या किया जाता है: मिट्टी के कुंडे (बर्तन) खरीदे जाते हैं, कुंडे में खीर, पूड़ी, मीठी टिकिया और अन्य मिठाई भरकर रखी जाती है, फाजर (सुबह की नमाज) के बाद कुंडे पर फातिहा दिलाई जाती है और दुआ मांगी जाती है।

**महत्व-** यह आस्था का एक महत्वपूर्ण पर्व है जो विशेषकर लड़कों के उज्ज्वल भविष्य के लिए मन्नतें मांगने से जुड़ा है। यह त्योहार सामाजिक एकता और धार्मिक आस्था का प्रतीक है, जिसमें लोग अपने घरों को सजाते हैं और मिठाइयों का प्रसाद बांटते हैं।

# एक दिवसीय नि:शुल्क चिकित्सा शिविर लगाया



मनोहरपूर (रॉयल पत्रिका)। भारतीय इलेक्ट्रोहोम्योपैथिक चिकित्सक मंच BECM ने डॉ. काउन्ट सीजर मैटी का 217 वाँ जन्मदिन मनाया । इलेक्ट्रोहोम्योपैथी निः शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन सत्कार शॉपिंग सेंटर, दुकान नम्बर 6, मालवीय नगर जयपुर में किया गया॥
इस कार्यक्रम मे 50 रोगीयो ने स्वास्थ्य लाभ प्राप्त किया तथा सभी को निःशुल्क दवा दी गई, इस शिविर में डॉ. पी. एन व्यास, डॉ. शब्बीर खान, वैद्य हितेष दीक्षित, डॉ. विजेन्दर तथा डॉ. वैभव श्रीवास्तव आदि ने सेवाये दी । डॉ. शब्बीर खान प्रदेश अध्यक्ष भारतीय इलेक्ट्रोहोम्योपैथिक चिकित्सक मंच BECM ने बताया की BECM ने पूरे राजस्थान में नि:शुल्क 217 केम्प के आयोजन का लक्ष्य रखा है अत: हम उसे पूर्ण करने का प्रयास करेगे तथा जो ज्यादा से ज्यादा केम्प का आयोजन करेगा उसको सम्मानित करेंगे ।

# हज़रत मखदूम फ़य्याज़ुल हसन साहब का 87वां उर्स मुबारक

जयपुर (रॉयल पत्रिका) । जयपुर के एहले मोहल्ला पन्नीगरान में शेखुल मशइख कुतबेदौरा हज़रत मखदूम फ़य्याज़ुल हसन साहब, उस्मानी, अल जलाली चिश्ती, साबरी, कैरानवी, पानीपती, रहमतुल्ला अलैह का 87वां उर्स मुबारक बरोज़ पीर 12 जनवरी को शुरू हुआ। रात 10 बजे महफिले मीलाद शरीफ़ व नातिया मुशायरा हुआ। बरोज़ मंगल 13 जनवरी को सुबह नमाज़ बाद कुरआनखानी, रात 10 बजे महफिले कव्वाली, बरोज़ बुध को सुबह नमाज़ बाद कुरआनखानी, रात 10 बजे महफिले समां और बरोज़ जुमेरात सुबह 10 बजे कुल शरीफ़ व लंगर का प्रोग्राम रखा गया है।

# जयपुर ऑडी हादसा: अमीरों की रफ्तार, गरीबों की जान

जयपुर (रॉयल पत्रिका)। पत्रकार कॉलोनी थाना क्षेत्र में शुक्रवार रात हुआ दर्दनाक सड़क हादसा दिल दहला देने वाला है। तेज रफ्तार लग्ज़री ऑडी कार द्वारा सड़क किनारे खड़े ठेलों और झोंपड़ियों को रौंद दिया जाना हमारी व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े करता है। इस हादसे में एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत और 15 से अधिक लोगों का गंभीर रूप से घायल होना अत्यंत दुखद और निंदनीय है।



**SDPI मांग करती है-**
आरोपी चालक को तत्काल गिरफ्तार कर सख़्त से सख़्त कार्रवाई की जाए, मृतक परिवार को उचित मुआवज़ा दिया जाए, सभी घायलों का निःशुल्क और बेहतर इलाज सुनिश्चित किया जाए, शहर में तेज रफ्तार और नशे में वाहन चलाने पर कड़ी निगरानी हो, यह कोई "दुर्घटना" नहीं, बल्कि लापरवाही और सिस्टम की नाकामी का नतीजा है। गरीबों की जान की कीमत आखिर कब समझी जाएगी? SDPI पीड़ितों के साथ खड़ी है और न्याय मिलने तक आवाज़ उठाती रहेगी।

**-मोहम्मद ख़ालिद जिला अध्यक्ष, SDPI जयपुर**

# जनकल्याणकारी योजनाओं की जमीनी हकीकत परखने फील्ड में उतरा जिला प्रशासन

## -जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी के निर्देश पर फील्ड में उतरे अधिकारी

जयपुर (रॉयल पत्रिका)। राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन को सुनिश्चित करने के लिए जयपुर जिला प्रशासन सतत् रूप से सक्रिय है। इसी क्रम में जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी के निर्देशानुसार शनिवार को जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों ने फील्ड में उतरकर विभिन्न व्यवस्थाओं का व्यापक निरीक्षण किया। निरीक्षण अभियान के तहत उपखण्ड अधिकारियों, तहसीलदारों सहित अन्य वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों ने अपने-अपने क्षेत्रों का दौरा कर स्वास्थ्य सेवाओं, सामाजिक सरोकार से जुड़ी योजनाओं तथा विकसित भारत–रोज़गार और आजीविका के लिए गारंटी मिशन (ग्रामीण) के अंतर्गत संचालित कार्यों की वास्तविक स्थिति का गहन आकलन किया। अधिकारियों द्वारा आयुष्मान आरोग्य मंदिर एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान चिकित्सा अधिकारियों एवं स्टाफ की उपस्थिति, दवाओं की उपलब्धता, जांच सुविधाएं, आवश्यक चिकित्सकीय उपकरण, साफ-सफाई, पेयजल एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं की विस्तार से समीक्षा की गई। अधिकारियों ने उपचाररत मरीजों एवं उनके परिजनों से संवाद कर स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता को लेकर फीडबैक भी लिया तथा पाई गई कमियों को शीघ्र दूर करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। जिला कलक्टर के निर्देशों की अनुपालना में अधिकारियों ने विकसित भारत–रोज़गार और आजीविका के लिए गारंटी मिशन (ग्रामीण) के अंतर्गत जारी कार्यों का मौके पर निरीक्षण कर उनकी प्रगति, गुणवत्ता एवं समयबद्ध क्रियान्वयन की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान संबंधित कार्मिकों को कार्यों में पारदर्शिता, उच्च गुणवत्ता एवं गति बनाए रखने के स्पष्ट निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने अपने-अपने उपखण्डों में गैर-सरकारी संगठनों तथा विद्यालय प्रबंधन समितियों के साथ बैठकें भी आयोजित कीं। बैठकों में आगामी सेना दिवस परेड में अधिक से अधिक नागरिकों एवं विद्यार्थियों की सहभागिता सुनिश्चित करने पर चर्चा की गई। अधिकारियों ने आमजन से इस अभूतपूर्व आयोजन में सक्रिय सहभागिता निभाने की अपील की। निरीक्षण उपरांत सभी अधिकारियों द्वारा निर्धारित प्रारूप में अपनी-अपनी निरीक्षण रिपोर्ट जिला कलक्टर को प्रस्तुत की गई है। इन रिपोर्ट्स के आधार पर आवश्यक सुधारात्मक कदम एवं प्रशासनिक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी, ताकि आमजन को समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण एवं संवेदनशील सेवाएं उपलब्ध कराई जा सकें। कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

# जयपुर में 1500 से ज्यादा राहें हुईं आसान...राहत का दूसरा नाम बना रास्ता खोलो अभियान

## - महज 14 महीनों से भी कम समय में खुला लाखों ग्रामीणों के लिए राहत का रास्ता

## - फागी अव्वल...सर्वाधिक 136 रास्ते खुलवाए, मौजमाबाद में प्रशासन ने खुलवाए 120 रास्ते

जयपुर (रॉयल पत्रिका)। जयपुर जिले में संचालित 'रास्ता खोलो अभियान' अब ग्रामीणों एवं किसानों के लिए राहत का प्रतीक बन गया है। प्रशासन की संवेदनशील पहल से महज 14 महीनों से भी कम समय में जिले में वर्षों से बंद पड़े 1,508 रास्ते खुलवाए गए, जिससे लाखों ग्रामीणों की खेतों, ढाणियों और गांवों तक पहुंच सुगम हुई है। रास्ता खोलो अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन और अधिक से अधिक आमजन को लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी स्वयं अभियान की निरंतर मॉनिटरिंग कर रहे हैं। प्रशासन की सक्रियता और संवाद आधारित रणनीति के चलते कई वर्षों पुराने विवादों का समाधान सहमति एवं समझाइश से किया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत फागी तहसील अव्वल रही, जहां सर्वाधिक 136 रास्ते खुलवाए गए। वहीं मौजमाबाद तहसील में 120 रास्ते खुलवाकर ग्रामीणों को बड़ी राहत प्रदान की गई। अभियान के नोडल अधिकारी एवं अतिरिक्त जिला कलक्टर आशीष कुमार ने बताया कि जिला कलक्टर के निर्देशन में प्रत्येक तहसील में हर सप्ताह न्यूनतम 3 रास्ते खुलवाने का लक्ष्य तय किया गया है। इसी के तहत सहमति और समझाइश से गांवों, खेतों और ढाणियों के वर्षों से अवरुद्ध रास्तों को खोला जा रहा है। उन्होंने बताया कि 15 नवम्बर 2024 से







10 जनवरी 2026 की अवधि में रास्ता खोलो अभियान के तहत फागी तहसील में सर्वाधिक 136 रास्ते खुलवाए गए। इसके पश्चात मौजमाबाद तहसील में 120, आंधी में 101, चौमूं में 91, शाहपुरा में 86, आमेर एवं जमवारामगढ़ में 80–80, दूदू में 78, माधोराजपुरा में 76, जोबनेर में 74, रामपुरा–डाबड़ी में 72, फुलेरा में 81, चाकसू में 82 रास्ते खुलवाए गए हैं। वहीं, बस्सी में 77, किशनगढ़–रेनवाल में 65, कोटखावदा में 63, जालसू में 57, तूंगा में 50, सांगानेर में 27, कालवाड़ में 8 तथा जयपुर तहसील में 4 रास्ते खुलवाए गए हैं, जिससे जिले में वर्षों से अवरुद्ध आवागमन मार्ग पुनः सुचारु हुए हैं और ग्रामीणों को सीधी राहत मिली है, जिससे जिले में आवागमन सुगम होने के साथ-साथ ग्रामीणों और किसानों को सीधा लाभ मिला है। आशीष कुमार ने बताया कि जिला कलक्टर ने रास्ते खुलने के पश्चात ग्रेवल एवं सीसी रोड निर्माण कार्य भी शीघ्र प्रारंभ करने के निर्देश दिए हैं। इन निर्देशों की अनुपालना में अब तक 300 किलोमीटर से अधिक ग्रेवल रोड एवं 20 किलोमीटर से अधिक सीसी रोड का निर्माण कराया जा चुका है। न्यायालय में विचाराधीन प्रकरणों में परिवादियों को संबंधित न्यायालय से ही समाधान प्राप्त होगा। ग्रामीण क्षेत्रों में रास्तों पर अतिक्रमण को लेकर जनसुनवाई एवं न्यायालयों में बड़ी संख्या में परिवाद सामने आते रहे हैं, जिससे आमजन को अनावश्यक रूप से समय, धन और संसाधनों की हानि होती थी तथा कानून व्यवस्था भी प्रभावित होती थी। इन्हीं समस्याओं के स्थायी समाधान के उद्देश्य से जिला प्रशासन ने 'रास्ता खोलो अभियान' की शुरुआत की, जो अब जनविश्वास और प्रशासनिक संवेदनशीलता का सफल मॉडल बनकर उभरा है।

# रॉयल पत्रिका

## संपादकीय...

## ईरान में तख्ता पलट होगा !

इज़राईल और अमेरिका ईरान में तख्ता पलट करवाने के लिए पूरी कोशिश कर रहे हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के वक्तव्यों से पता चलता है कि ईरानी प्रदर्शनकारी यदि थोड़ा भी सफल होते हैं तो अमेरिका उनकी हर संभव मदद करने के लिए तैयार है। अमेरिकी राष्ट्रपति ईरान को बार-बार धमकी दे रहे हैं। इजराईली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू भी ईरान के प्रदर्शनकारियों से अपील कर रहे हैं और कर रहे हैं कि अब उनको गुलामी से आजाद होने का समय आ गया है। वर्तमान में अमेरिका को सबसे ज्यादा चुनौती ईरान से मिल रही है। ईरान अमेरिका से न तो खौफ़ खा रहा है और न ही बात करने पर राज़ी हो रहा है। अमेरिका और इजराईल ईरान के परमाणु प्रोग्राम पर विराम चाहते हैं। लेकिन ईरान बिना किसी की चिंता किए अपने परमाणु कार्यक्रम को तेजी से बढ़ा रहा है। अमेरिका को डर है कि यदि ईरान परमाणु तकनीक हासिल कर लेता है तो विश्व में शक्ति संतुलन तेजी से बदलने लगेगा। इसलिए इज़राईल और अमेरिका ईरान को किसी भी सीमा तक जाकर परमाणु बम बनाने से रोकना चाहते हैं। ईरान की मिसाइल क्षमता से पहले ही अमेरिका हो इजराईल भयभीत दिखाई दे रहे हैं। यदि परमाणु बम ईरान ने हासिल कर लिया तो पश्चिमी एशिया और मुस्लिम देशों का परिदृश्य तेजी से बदलने लगेगा। अमेरिका ईरान को लेकर कुछ ज्यादा ही परेशान दिखाई देने लगा है। ईरान को नियंत्रित नहीं करने के कारण अमेरिका की मुस्लिम देशों पर मजबूत पकड़ अब ढीली पड़ने लगी है। पश्चिमी एशिया के मुस्लिम देश अमेरिका के पिछलग्गू हुआ करते थे, लेकिन अब धीरे-धीरे अमेरिका के चंगुल से निकलने की कोशिश करने लगे हैं। तुर्की, सीरिया, सऊदी अरब, मिस्र, ईराक, अफगानिस्तान, पाकिस्तान, बांग्लादेश, इंडोनेशिया सहित अन्य मुस्लिम देश अब पूरी तरह अमेरिका पर निर्भरता घटा रहे हैं और चीन एवं रूस से संबंध बढ़ा रहे हैं। अमेरिका को सबसे ज्यादा झटका इजराईल के कमजोर होने से लगा है। इजराईल के द्वारा अमेरिका मुस्लिम देशों को नियंत्रित करता रहता था। लेकिन इजराईल अब इतना कमजोर हो गया है कि अब वह हमास, हिज्बुल्लाह जैसे हथियार बंद क्षेत्रीय संगठनों से भी हारने लगा है। इजराईल को बचाने के लिए अमेरिका को बड़ी तादाद में हथियार और धन इसराईल को देना पड़ रहा है। इजराईल से अब कोई भी मुस्लिम देश नहीं डरता है। ईरान से 12 दिन के युद्ध में इजराईल की एक तरह से कमर टूट चुकी है, दूसरी तरफ ईरान का रूस और चीन पूरी तरह सहायता कर रहे हैं। रूस चीन ईरान को जरूरी अत्याधुनिक हथियार देने के साथ-साथ उसके साथ व्यापार भी बढ़ा रहे हैं। ईरान में विद्रोही गुटों द्वारा बगावत होने के बाद भी ईरानी सरकार को कोई बड़ा खतरा दिखाई नहीं दे रहा है। तुर्की और सीरिया ईरान की सहायता कर रहे हैं। मुस्लिम देश अपनी सुरक्षा के लिए नए-नए गठबंधन बना रहे हैं, क्योंकि अमेरिका से सुरक्षा समझौतों से उनका भरोसा उठ गया है। मुस्लिम देशों में तुर्की तेजी से सैन्य ताकत बनकर उभर रहा है जो अमेरिका के लिए बड़ी परेशानी बन सकता है। ईरान में तख्ता पलट भी आसान नहीं दिखाई देता है। इसलिए कहा जा सकता है कि इजराईल अमेरिका की ईरान में तख्ता पलट की कोशिश आसान नहीं दिखाई दे रही है।

# "भारत के महानतम कप्तानों में से एक थे" - मंसूर अली खान पटौदी

## (5 जनवरी 1941 - 22 सितंबर 2011)



नवाब मोहम्मद मंसूर अली खान पटौदी जिन्हें मंसूर अली खान या एमएके पटौदी के नाम से भी जाना जाता है ; एक भारतीय क्रिकेटर और भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान थे।

21 साल की उम्र में पटौदी को भारत का क्रिकेट कप्तान नियुक्त किया गया और उन्हें "भारत के महानतम कप्तानों में से एक" बताया गया। कमेंटेटर जॉन अर्लॉट और इंग्लैंड के पूर्व कप्तान और समकालीन टेड डेक्सटर ने पटौदी को उनके समय का "दुनिया का सर्वश्रेष्ठ फील्डर" भी कहा था।

5 जनवरी 1941 को भोपाल में जन्मे मंसूर अली खान, इफ्तिखार अली खान के पुत्र थे, जो स्वयं एक प्रसिद्ध क्रिकेटर थे, और भोपाल की नवाब बेगम साजिदा सुल्तान के पुत्र थे। पटौदी परिवार की उत्पत्ति फैज तालाब खान से मानी जाती है, जो अफगानिस्तान के कंधार के बारे कबीले के एक पश्तून थे, जो 1804 में पटौदी राज्य के पहले नवाब बने।

मंसूर अली खान, ब्रिटिश राज के दौरान पटौदी रियासत के अंतिम शासक इफ्तिखार अली खान पटौदी के पुत्र थे। 1952 में अपने पिता की मृत्यु के बाद, पटौदी को उनका उत्तराधिकारी बनाया गया और उन्हें निजी अनुदान, कुछ विशेषाधिकार और "पटौदी के नवाब" की उपाधि का उपयोग करने का अधिकार प्राप्त हुआ, उन्हें 2001 में सी.के. नायडू लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया गया, जो बीसीसीआई द्वारा किसी पूर्व खिलाड़ी को दिया जाने वाला सर्वोच्च सम्मान है।

उनके पिता का निधन 1952 में मंसूर के ग्यारहवें जन्मदिन पर दिल्ली में पोलो खेलते समय हो गया था, जिसके बाद मंसूर उनके उत्तराधिकारी के रूप में नौवें नवाब बने। यद्यपि 1947 में ब्रिटिश राज की समाप्ति के बाद पटौदी रियासत का भारत में विलय हो गया था, फिर भी उन्होंने 1971 में संविधान के 26वें संशोधन के माध्यम से भारत सरकार द्वारा इस उपाधि को समाप्त किए जाने तक यह पद धारण किया।

क्रिकेट करियर के दौरान मंसूर को पटौदी जूनियर के नाम से जाना जाने लगा। वे दाएं हाथ के बल्लेबाज और दाएं हाथ के मध्यम गति के गेंदबाज थे। वे विनचेस्टर में स्कूली छात्र के रूप में बल्लेबाजी में विलक्षण प्रतिभा के धनी थे, और गेंदबाजी पर प्रहार करने के लिए अपनी पैनी नजर का इस्तेमाल करते थे। उन्होंने 1959 में स्कूल टीम की कप्तानी की और उस सीज़न में 1,068 रन बनाए, जो डगलस जार्डिन द्वारा 1919 में बनाए गए स्कूल रिकॉर्ड को तोड़ दिया। उन्होंने अपने साथी क्रिस्टोफर स्नेल के साथ पब्लिक स्कूल रैकेट्स चैंपियनशिप भी जीती।

उन्होंने अगस्त 1957 में 16 वर्ष की आयु में ससेक्स के लिए प्रथम श्रेणी क्रिकेट में पदार्पण किया और विश्वविद्यालय में रहते हुए ऑक्सफोर्ड के लिए भी खेले और वहां के पहले भारतीय कप्तान बने। 1 जुलाई 1961 को, वे अपने टीम साथी रॉबिन वाटर्स द्वारा चलाई जा रही कार में यात्री थे, जो होव में एक दुर्घटना का शिकार हो गई। टूटी हुई विंडस्क्रीन का एक कांच का टुकड़ा उनकी दाहिनी आंख में घुस गया और उसे स्थायी रूप से क्षतिग्रस्त कर दिया। डॉ. डेविड सेंट क्लेयर रॉबर्ट्स नामक एक सर्जन को उनकी आंख का ऑपरेशन करने के लिए बुलाया गया, और पटौदी ने उनकी एक आंख बचाने के लिए उनकी प्रशंसा की। इस क्षति के कारण पटौदी को दोहरी छवि दिखाई देने लगी, और यह आशंका थी कि इससे उनका क्रिकेट करियर समाप्त हो जाएगा, लेकिन पटौदी जल्द ही नेट में एक आंख से खेलना सीखने लगे।

छह महीने से भी कम समय पहले आंख में चोट लगने के बावजूद, उन्होंने दिसंबर 1961 में दिल्ली में इंग्लैंड के खिलाफ खेलते हुए अपना टेस्ट डेब्यू किया। उन्हें अपनी क्षतिग्रस्त दाहिनी आंख पर टोपी नीचे खींचकर खेलना सबसे आसान लगा। उन्होंने मद्रास में पांचवें टेस्ट में 103 रन बनाए, जिससे भारत को इंग्लैंड के खिलाफ अपनी पहली श्रृंखला जीत हासिल करने में मदद मिली। उन्हें 1962 में वेस्ट इंडीज दौरे के लिए उप-कप्तान नियुक्त किया गया। मार्च 1962 में, मंसूर भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान बने, जब मौजूदा कप्तान नारी कॉन्ट्रैक्टर बारबाडोस के खिलाफ एक दौरे के मैच में चार्ली ग्रिफिथ के खिलाफ बल्लेबाजी करते समय लगी चोट के कारण बारबाडोस में चौथे टेस्ट से बाहर हो गए। 21 साल और 77 दिन की उम्र में, उन्होंने सबसे कम उम्र के टेस्ट कप्तान का विश्व रिकॉर्ड अपने नाम किया था।

मंसूर का सिमी गरेवाल के साथ एक स्थिर रिश्ता था। सिमी ने एक ईमेल इंटरव्यू में स्वीकार किया कि वह पटौदी को डेट कर रही थीं और वह फिल्म 'तीन देवियां' के सेट पर उनसे मिलने आए थे। यह बात अविजित घोष की किताब '40 रिटेक्स: बॉलीवुड क्लासिक्स यू मे हैव मिस्ड' में बताई गई है। शर्मिला टैगोर से मिलने के बाद उन्होंने सिमी से रिश्ता तोड़ लिया और 27 दिसंबर 1968 को उनसे शादी कर ली। उनके तीन बच्चे हैं: सैफ अली खान (जन्म 1970), जो एक बॉलीवुड अभिनेता हैं, सबा अली खान (जन्म 1976), जो एक ज्वैलरी डिज़ाइनर हैं, और सोहा अली खान (जन्म 1978), जो एक बॉलीवुड अभिनेत्री और टीवी पर्सनैलिटी हैं। अभिनेत्री करीना कपूर खान उनकी बहू हैं, और अभिनेता सारा अली खान और इब्राहिम अली खान उनकी पूर्व बहू अमृता सिंह से उनके पोते-पोती हैं।

उन्होंने 1961 और 1975 के बीच भारत के लिए 46 टेस्ट मैच खेले, जिसमें उन्होंने 34.91 के टेस्ट बल्लेबाजी औसत से 2,793 रन बनाए, जिनमें 6 टेस्ट शतक शामिल हैं। मंसूर अपने 46 मैचों में से 40 में भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान रहे, जिनमें से केवल 9 में उनकी टीम को जीत मिली, 19 हार और 19 ड्रॉ रहे।

1957 और 1970 के बीच मंसूर ने अपने देशवासियों रणजीतसिंहजी और दुलीपसिंहजी के नक्शे कदम पर चलते हुए ससेक्स काउंटी क्रिकेट क्लब के लिए 137 प्रथम श्रेणी मैच खेले और 22.29 के औसत से 3,054 रन बनाए। उन्होंने 1966 में ससेक्स की कप्तानी की।

उन्हें 1962 में इंडियन क्रिकेट का सर्वश्रेष्ठ क्रिकेटर और 1968 में विस्डेन क्रिकेट का सर्वश्रेष्ठ क्रिकेटर चुना गया। उन्होंने 1969 में अपनी आत्मकथा 'टाइगर टेल्स' प्रकाशित की। वे 1974-75 में भारतीय टीम के प्रबंधक और 1993 में दो एशेज टेस्ट मैचों के रेफरी रहे। बाद में वे इंडियन प्रीमियर लीग की परिषद के सदस्य बने। 2007 में, भारत के टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण की 75वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में, मैरीलेबोन क्रिकेट क्लब ने भारत और इंग्लैंड के बीच टेस्ट मैचों की श्रृंखला के लिए एक ट्रॉफी बनवाई, जिसका नाम उनके पिता, आठवें नवाब के सम्मान में पटौदी ट्रॉफी रखा गया। पटौदी ने 1971 में विशाल हरियाणा पार्टी के तहत गुड़गांव निर्वाचन क्षेत्र से लोकसभा चुनाव भी लड़ा, वे तीसरे स्थान पर रहे और तैयब हुसैन से हार गए, उन्हें कुल 22,979 वोट मिले।

बाद में उन्होंने 1984 में फरीदाबाद निर्वाचन क्षेत्र से लोकसभा चुनाव में हुसैन को हराने पर चौधरी रहीम खान को हाथी की सवारी कराकर बधाई दी।] उन्होंने 1991 में कांग्रेस पार्टी के उम्मीदवार के रूप में भोपाल निर्वाचन क्षेत्र से फिर से लोकसभा चुनाव लड़ा, लेकिन असफल रहे और दूसरे स्थान पर रहे।

पटौदी को 25 अगस्त 2011 को मध्य दिल्ली के राजेंद्र नगर स्थित सर गंगा राम अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उन्हें क्रोनिक इंटरस्टिशियल लंग डिजीज के कारण फेफड़ों में गंभीर संक्रमण हो गया था, जिससे उनके फेफड़े ठीक से ऑक्सीजन का आदान-प्रदान नहीं कर पा रहे थे। 22 सितंबर 2011 को श्वसन विफलता के कारण उनका निधन हो गया। उन्हें हरियाणा के गुड़गांव जिले के पटौदी में दफनाया गया है।

# स्वामी विवेकानंद ने युवा शक्ति को राष्ट्र निर्माण का आधार माना

*-राष्ट्रीय युवा दिवस पर विशेष आलेख*



राष्ट्रीय युवा दिवस हर वर्ष 12 जनवरी को मनाया जाता है, जो स्वामी विवेकानंद के जन्मदिन के रूप में जाना जाता है। यह दिन भारत के युवाओं को उनके कर्तव्यों, जिम्मेदारियों और संभावनाओं की याद दिलाता है। स्वामी विवेकानंद, ने युवा शक्ति को राष्ट्र निर्माण का आधार माना। उनका प्रसिद्ध उद्घोष "उठो, जागो और तब तक मत रुको जब तक लक्ष्य प्राप्त न हो जाए" आज भी लाखों युवाओं के हृदय में गूंजता है। स्वामी विवेकानंद का जन्म 12 जनवरी 1863 को कोलकाता में एक कायस्थ परिवार में हुआ था। उनका मूल नाम नरेंद्रनाथ दत्त था। 1893 में शिकागो में आयोजित विश्व धर्म संसद में उनके ऐतिहासिक भाषण ने भारत को विश्व पटल पर चमकाया। भारत सरकार ने 1984 में स्वामी विवेकानंद के 125वें जन्मदिन पर 12 जनवरी को राष्ट्रीय युवा दिवस घोषित किया। इसका उद्देश्य युवाओं को विवेकानंद के आदर्शों से प्रेरित करना है। वे युवाओं को कहते थे, "मेरा भारत महान होगा, क्योंकि इसका युवा वर्ग जागृत होगा।" राष्ट्रीय युवा दिवस पर देशभर में सेमिनार, व्याख्यान, सांस्कृतिक कार्यक्रम, खेलकूद और सामाजिक सेवा गतिविधियां आयोजित होती हैं। स्कूलों, कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में छात्र विवेकानंद के विचारों पर निबंध लेखन, क्विज और बहस प्रतियोगिताओं में भाग लेते हैं। स्वामी विवेकानंद का दर्शन युवा ऊर्जा का सर्वोत्तम उपयोग सिखाता है। वे मानते थे कि युवा देश की रीढ़ हैं। शिक्षा को वे केवल डिग्री प्राप्त करने का साधन नहीं, बल्कि चरित्र निर्माण का माध्यम मानते थे। "शिक्षा का अंतिम लक्ष्य मनुष्य को स्वयं को जानने में सहायता करना है," यह उनका मूल मंत्र था। वे कहते थे कि शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक विकास के बिना पूर्ण व्यक्तित्व संभव नहीं। आज के दौर में, जब युवा सोशल मीडिया की चकाचौंध में खो रहे हैं, विवेकानंद का संदेश प्रासंगिक है। वे डिजिटल दुनिया में भी आत्म-अनुशासन और सकारात्मक उपयोग की वकालत करते। वर्तमान भारत में युवा आबादी विश्व की सबसे बड़ी है। लगभग 65 प्रतिशत आबादी 35 वर्ष से कम आयु की है। यह डेमोग्राफिक डिविडेंड देश को आर्थिक महाशक्ति बना सकता है। राष्ट्रीय युवा दिवस इस शक्ति को जागृत करने का अवसर है। युवा उद्यमिता, स्टार्टअप्स और इनोवेशन में अग्रणी हैं। 'स्टार्टअप इंडिया' और 'मेक इन इंडिया' जैसी योजनाएं विवेकानंद के स्वावलंबन के विचार से प्रेरित हैं। हालांकि, बेरोजगारी, मानसिक स्वास्थ्य समस्याएं और नशे की लत जैसी चुनौतियां बाधा बन रही हैं। कोविड-19 महामारी ने युवाओं को डिजिटल स्किल्स सिखाईं, लेकिन असमानता बढ़ाई। राष्ट्रीय युवा दिवस पर इन मुद्दों पर चर्चा आवश्यक है। स्वामी विवेकानंद "जियो और जीने दो" में विश्वास करते थे, युवाओं से वे अपेक्षा करते थे कि वे गरीबों, वंचितों और ग्रामीण भारत की सेवा करें। आज 'अजय योद्धा' अभियान और 'राष्ट्रीय सेवा योजना' (एनएसएस) जैसे कार्यक्रम विवेकानंद के विचारों को जीवंत करते हैं। युवा पर्यावरण संरक्षण, महिला सशक्तिकरण और डिजिटल इंडिया में योगदान दे रहे हैं। उदाहरणस्वरूप, 2024 में राष्ट्रीय युवा दिवस पर लाखों युवाओं ने 'फिट इंडिया' अभियान के तहत दौड़ लगाई। ऐसे प्रयास राष्ट्र को मजबूत बनाते हैं। राष्ट्रीय युवा दिवस हमें याद दिलाता है कि युवा केवल उपभोक्ता नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माता हैं। अंत में, राष्ट्रीय युवा दिवस स्वामी विवेकानंद की अमर प्रेरणा का प्रतीक है।

# अबू नसर मंसूर - मशहूर मैथमेटिशियन

मुस्लिम जगत में 10 वीं -11वीं सदी के मशहूर गणितज्ञ और खगोल शास्त्री अबू नसर मंसूर हुए हैं। इनका पूरा नाम अबू नसर मंसूर इब्न अली इब्न इराक अल-जदी है। इनका जन्म सन् 960 गिलान (ईरान) में हुआ था और निधन लगभग 1036 ई., गज़नी, गज़नवी साम्राज्य (आधुनिक अफ़गानिस्तान) में हुआ था। यह ख़्वारज़्म के हुक्मरान और अफ़्रीगिड्स सल्तनत के शाही प्रिन्स थे। इनका परिवार, बानू इराक, अराल समुद्र से सटे ख़्वारज़्म जगह के हुक्मरान थे (वर्तमान उज़्बेकिस्तान), और इसी जगह पर अबू नसर मंसूर ने पढ़ाई की और महान मैथमेटिशियन व एस्ट्रोनॉमर अबुल-वफ़ा से तालिम भी हासिल की थी। सन् 995 में तख्ता पलट होने के कारण अबू नसर मंसूर, कुछ समय बाद, अली इब्न मामून के दरबार में काम करने लगे थे और जब अली इब्न मामून के भाई अबुल अब्बास मामून उनके उत्तराधिकारी बने, तब भी वे दरबार में ही बने रहे। लगभग 990 ईस्वी से अल-बिरूनी को पढ़ाना शुरू किया और 1004 ईस्वीं से अल-बिरूनी ने भी शागिर्द के तौर पर मंसूर के साथ काम करना शुरू किया, जिससे उनके और उनके उस्ताद मंसूर के बीच मदद व रिसर्च कार्य होने लगा। गुरु-शिष्य का आपसी सम्मान - इन दोनों के बीच का संबंध इतना गहरा था कि अल-बिरूनी ने अपनी कई कृतियों में लिखा:

"मेरे गुरु अबू नसर ने जो मुझे सिखाया, वह केवल गणित नहीं था, बल्कि सत्य को खोजने की दृष्टि थी।"

वहीं मंसूर ने अल-बिरूनी की प्रतिभा को देखते हुए अपनी कई मूल खोजें (Original Discoveries) अल-बिरूनी के नाम कर दीं ताकि उनके शिष्य को प्रसिद्धि मिल सके।

सन् 1017 ईस्वी में, सुल्तान महमूद गजनवी के अधीन गजनी साम्राज्य में चले गए, जहां उन्होंने अपना शेष जीवन व्यतीत किया।

इनके द्वारा कुल 25 ग्रंथ लिखे गए थे, जिनमें से 17 संरक्षित हैं अर्थात उपलब्ध हैं। इन में से 7 गणित पर और शेष खगोल शास्त्र पर आधारित हैं।

अबू नसर मंसूर एक बेहद क़ाबिल खगोल शास्त्री (astronomer) और गणितज्ञ थे।




इनका सबसे महत्वपूर्ण योगदान त्रिकोणमिति के क्षेत्र में है। इनके द्वारा लिखी गई सभी (बची हुई) कृतियाँ पब्लिश हो चुकी हैं, उनमें से अधिकतर का कम से कम एक यूरोपीय भाषा में अनुवाद किया गया है, यह उनके काम से जुड़े अहमियत का सबूत देता है।

अबू नसर मंसूर के कई काम उनके शागिर्द अल-बिरूनी को समर्पित थे। असल में अल-बिरूनी ने खुद अबू नसर की बारह रचनाएँ बताईं हैं, जिनके बारे में अल बिरुनी का कहना है कि अबू नसर मंसूर ने उन्हें समर्पित की हैं। पहला ऐसा काम जिसे अबू नसर मंसूर ने अल-बिरूनी को समर्पित किया था, वह सन् 997 ईस्वीं के आस-पास लिखा गया था। अपनी खुद की तहरीर (लेखन) में अल-बिरूनी, कभी-कभी अबू नसर मंसूर के नतीजों का हवाला देते हैं, जिसके बारे में उनका कहना है कि उन्होंने खुद अल-बिरूनी के कहने पर काम किया था। निश्चित तौर से दोनों शख्सियत(उस्ताद और शागिर्द) एक-दूसरे के कंट्रीब्यूशन को पूरा क्रेडिट देने के लिए आमादा दिखते हैं।

अबू नसर मंसूर के कार्य मुख्य रूप से गणित और खगोल विज्ञान पर केंद्रित थे। वे इस्लामिक गोल्डन एज के दौरान सक्रिय थे और उन्होंने गोलाकार ट्रिगोनोमेट्री (spherical trigonometry) के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उनके अधिकांश कार्य अरबी में लिखे गए थे और उन्होंने प्राचीन यूनानी गणितज्ञों जैसे मेनेलॉस ऑफ अलेक्जेंड्रिया और टॉलेमी के विचारों को संरक्षित तथा विकसित किया।

**इनके मुख्य ग्रंथ-**

1. अल-मु□ज्जमात (The Tables): इसमें ज्या, कोसाइन, वलयज्या आदि के गोलाकार मानों कि विस्तृत तालिकाएँ हैं, जो खगोलीय गणनाओं के लिए उपयोगी साबित हुईं।अबू नसर मंसूर को गणित के क्षेत्र में 'ज्या नियम' (Law of Sines) की खोज या उसे आधुनिक स्वरूप देने का श्रेय दिया जाता है। उन्होंने समतल और गोलाकार दोनों प्रकार के त्रिभुजों के लिए यह नियम प्रतिपादित किया
2. फी इरसुम अल-अर्कस (On Drawing Triangles): त्रिभुजों के चित्रण और मापन पर केंद्रित ग्रंथ।
3. ज़ै अल-मुश्कलात (On Difficulties): जटिल गणितीय समस्याओं का समाधान।
4. उन्होंने प्राचीन यूनानी गणितज्ञ मेनेलॉस (Menelaus) के कार्यों का गहरा अध्ययन किया और उनकी लुप्त हो चुकी पुस्तक 'स्फेरिका' (Spherica) का अरबी संस्करण तैयार किया। उन्होंने गोलाकार त्रिकोणमिति के माध्यम से खगोलीय पिंडों की स्थिति जानने की विधियों में सुधार किया।
5. उन्होंने खगोलीय वेधशालाओं और यंत्रों, विशेषकर एस्ट्रोलैब (Astrolabe) के निर्माण और उपयोग पर कई महत्वपूर्ण रचनाएँ कीं। उन्होंने पृथ्वी के झुकाव और अक्षांशों की गणना करने के लिए गणितीय सारणियाँ (Tables) भी बनाईं
6. अल-मजिस्ती अल-शाही (Almagest of the Shah): यह उनकी खगोल विज्ञान पर लिखी गई मुख्य पुस्तक थी (वर्तमान में इसके केवल कुछ अंश ही उपलब्ध हैं)।
7. किताब फि सुन'अत अल-मुसब्ब (Book of Heptagon Construction): ज्यामितीय आकृतियों के निर्माण पर आधारित
8. रिसाला फि मजज़त दवाइर अस-सुमुत (Treatise on Azimuth Circles): यह एस्ट्रोलैब के निर्माण और खगोलीय प्रेक्षणों के लिए एक मार्गदर्शिका है।
9. किताब अस-सुमुत (The Book of Azimuth): मक्का की दिशा (किबला) और खगोलीय दिशाओं को निर्धारित करने की विधियों पर।
10. इष्टागन (Heptagon) का निर्माण: उन्होंने सात भुजाओं वाली आकृति (Heptagon) को ज्यामितीय रूप से बनाने की समस्या पर भी काम किया, जो उस समय के गणितज्ञों के लिए एक बड़ी चुनौती थी।

अबू नसर मंसूर के बताए सिद्धांतों का उपयोग करके ही अल-बिरूनी ने पृथ्वी की परिधि (Circumference) को मापा, भारत के पंजाब क्षेत्र में नंदना (Nandana) नामक स्थान पर रहते हुए, अल-बिरूनी ने पृथ्वी के आकार को मापने का एक अद्भुत प्रयोग किया। उन्होंने एक ऊंचे पहाड़ की ऊंचाई मापी और फिर वहां से क्षितिज (Horizon) के कोण की गणना की। इसके लिए उन्होंने अबू नसर मंसूर द्वारा विकसित त्रिकोणमितीय सूत्रों का उपयोग किया।

उनकी गणना के अनुसार पृथ्वी की परिधि आधुनिक माप के 99% सटीक थी (आज की गणना 40,075 किमी है, और उनकी गणना इसके बहुत करीब 40000 किमी थी)।

चंद्रमा पर एक क्रेटर (गड्ढे) का नाम 'अबू नसर' (Abu Nasr) रखा गया है? यह सम्मान उन्हें उनके खगोलीय योगदान के लिए दिया गया है।

**-फ़ज़लुर्रहमान**

# रोज़ी की चिंता: एक सोचने वाला पैग़ाम



आज हर इंसान को एक बात बेहद परेशान करती है — और वो है रोज़ी की चिंता। चाहे कोई अमीर हो या ग़रीब, हर कोई या तो कमी से डरता है या फिर अपने पास मौजूद माल के खो जाने से। लेकिन क़ुरआन और हदीस की रौशनी में जब हम इसे समझते हैं, तो हमें मालूम होता है कि असल में चिंता का नहीं, तवक्कुल (भरोसे) का रास्ता अपनाना चाहिए।

क़ुरआन में अल्लाह तआला इरशाद फ़रमाता है (सूरह अज़-ज़ुख़रुफ़ 43:33-35) कि अगर यह डर न होता कि लोग काफ़िर बन जाएँगे, तो अल्लाह कुफ़्र करने वालों के लिए उनके घरों की छतें, सीढ़ियाँ और ज़ेवर सोने-चाँदी के बना देता। लेकिन यह सब दुनिया का फ़ानी सामान है — असल इनाम तो आख़िरत में है, जो अल्लाह से डरने वालों के लिए है।

आज हम यह नहीं सोचते कि जो कुछ हमारे पास है, वो भी अल्लाह की नेमत है। जब हम अपनी सेहत और वक़्त को बर्बाद करते हैं, तो एक बड़ी **दौलत खो देते हैं — जैसा कि आया है:**

"दो नेमतें ऐसी हैं जिन्हें लोग अक्सर ज़ाया कर देते हैं — एक सेहत और दूसरी वक़्त।"

दुनिया की चमक दमक के पीछे भागते हुए हम यह भूल जाते हैं कि असली मक़सद आख़िरत की तैयारी है। आख़िरी पैग़म्बर का वाक्या है की वो एक मर्तबा अपने साथियों के साथ गुजर रहे थे तभी उनकी नज़र मरे हुए बकरी के बच्चे नज़र पड़ी तो उन्होंने इस की मिसाल दी और फ़रमाया कि दुनिया की हैसियत अल्लाह के नज़दीक इससे भी कमतर है।

**हमेशा यह बात याद रखिए:**

"मोमिन के लिए दुनिया एक क़ैद है और काफ़िर के लिए जन्नत।"

जो तकलीफ़ें रास्ते में आती हैं, वो इस बात का सबूत हैं कि आप जन्नत की तरफ़ बढ़ रहे हैं। अल्लाह ने जन्नत को मुसीबतों से और जहन्नम को ख़्वाहिशों से ढक रखा है। यानी जिस राह में सब कुछ आसान हो, वो जरूरी नहीं कि सही हो।

**क़ुरआन हमें चेतावनी देता है (सूरह आला 87:16-17):**

"बल्कि तुम दुनिया को तरजीह देते हो, जब कि आख़िरत बेहतर और हमेशा रहने वाली है।"

क़यामत के दिन एक झलक जहन्नम की — सारी दुनिया की लज़्ज़तें भुला देगी, और एक झलक जन्नत की — सारी तकलीफ़ें भुला देगी। यही हमारे ग़म और खुशी की असल हैसियत है।

रोज़ी की फ़िक्र छोड़ो, मेहनत और हलाल का रास्ता अपनाओ। तवक्कुल रखो, आख़िरत की तैयारी करो, और अल्लाह पर यक़ीन रखो — क्योंकि रोज़ी देने वाला वही है, और कामयाबी भी उसी के पास है।

## मप्र पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी में 4009 पदों पर भर्ती का नोटिफिकेशन जारी

मध्यप्रदेश पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड ने 4 हजार से ज्यादा पदों पर भर्ती का नोटिफिकेशन जारी किया है। इस भर्ती के लिए आवेदन प्रक्रिया 20 दिसंबर से शुरू होगी। आवेदन शुरू होने के बाद उम्मीदवार ऑफिशियल वेबसाइट mpwz.co.in पर जाकर अप्लाई कर सकते हैं। फीस जमा करने की आखिरी तारीख 21 जनवरी तय की गई है। रिजल्ट 15 मई 2026 को जारी किया गया है।

**आवेदन शुरू :**
20 दिसम्बर से 21 जनवरी 2026 तक

**एजुकेशनल क्वालिफिकेशन :**
बीटेक, बीई, डिप्लोमा, आईटीआई की डिग्री, 12वीं पास, जीएनएम, एमएससी, एमटेक, एमसीए, पीजी डिप्लोमा या समकक्ष डिग्री।

**एज लिमिट :**
न्यूनतम : 18 साल
अधिकतम : 40 साल
रिजर्व कैटेगरी के उम्मीदवारों को अधिकतम उम्र में छूट दी जाएगी।

**सिलेक्शन प्रोसेस :**
रिटन टेस्ट
डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन

**फीस :**
जनरल, अन्य राज्य के उम्मीदवार : 1200 रुपए
ईडब्ल्यूएस, ओबीसी, एससी, एसटी, पीएच : 600 रुपए

**सैलरी :**
18,000 - 42,700 रुपए प्रतिमाह
अन्य अलाउंस का लाभ भी मिलेगा।

**एग्जाम पैटर्न :**
जारी नहीं

**ऐसे करें आवेदन :**
ऑफिशियल वेबसाइट mpwz.co.in पर जाएं।
रिक्रूटमेंट सेक्शन पर क्लिक करें।
ऑनलाइन अप्लाई के लिंक पर क्लिक करें।
मांगे गए डिटेल्स दर्ज करें।
जरूरी डॉक्यूमेंट्स अपलोड करें।
फीस जमा करके फॉर्म सब्मिट करें।
इसका प्रिंटआउट निकाल कर रखें।

## राजस्थान में प्रोटेक्शन ऑफिसर की भर्ती का नोटिफिकेशन जारी

राजस्थान के महिला एंव बाल विकास विभाग में प्रोटेक्शन ऑफिसर की भर्ती का नोटिफिकेशन जारी किया है। इस भर्ती के लिए 24 दिसंबर 2025 से आवेदन शुरू हो चुके हैं। उम्मीदवार ऑफिशियल वेबसाइट rpsc.rajasthan.gov.in पर जाकर अप्लाई कर सकेंगे।

**आवेदन शुरू :**
24 दिसंबर से 22 जनवरी 2026 तक

**एजुकेशनल क्वालिफिकेशन :**
लॉ ग्रेजुएट (LLB) या सोशल वर्क में मास्टर्स (MSW) की डिग्री।
उम्मीदवारों को देवनागरी भाषा और राजस्थानी संस्कृति का नॉलेज होना चाहिए।

**एज लिमिट :**
न्यूनतम : 18 साल
अधिकतम : 40 साल

**सिलेक्शन प्रोसेस :**
रिटन एग्जाम
डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन
मेडिकल एग्जाम
मेरिट लिस्ट

**फीस :**
सामान्य (अनारक्षित)/पिछड़ा वर्ग के क्रीमीलेयर/अति पिछड़ा वर्ग के क्रीमीलेयर : 600 रुपए
आरक्षित वर्ग एससी/एसटी/ पिछड़ा वर्ग नॉन क्रीमीलेयर/अति पिछड़ा वर्ग-नॉन क्रीमी लेयर, ईडब्ल्यूएस : 400 रुपए

**सैलरी :**
लेवल - 11 के अनुसार
अन्य अलाउंस का लाभ भी मिलेगा।

**एग्जाम पैटर्न :**
जारी नहीं

**ऐसे करें आवेदन :**
सबसे पहले sso.rajasthan.gov.in पर OTR करें।
ऑफिशियल वेबसाइट rpsc.rajasthan.gov.in पर जाएं।
रजिस्ट्रेशन नंबर और पासवर्ड के जरिए लॉगइन करें।
मांगी गई डिटेल्स भरकर फॉर्म सब्मिट करें।

## हरियाणा में असिस्टेंट इंजीनियर के 50 पदों पर भर्ती

हरियाणा लोक सेवा आयोग यानी HPSC की ओर से असिस्टेंट इंजीनियर के 50 पदों पर भर्ती के लिए नोटिफिकेशन जारी किया गया है। इन पदों पर आवेदन प्रक्रिया 13 जनवरी से शुरू होगी। इसके बाद कैंडिडेट्स ऑफिशियल वेबसाइट hpsc.gov.in पर जाकर अप्लाई कर सकेंगे। आवेदन की लास्ट डेट 12 फरवरी, 2026 शाम पांच बजे तक तय की गई है।

**आवेदन शुरू :**
13 जनवरी से 12 फरवरी 2026 तक

**एजुकेशनल क्वालिफिकेशन:**
इस पद पर आवेदन करने के लिए कैंडिडेट्स के पास भारत के किसी मान्यता प्राप्त इंस्टीट्यूशन से इंजीनियरिंग की डिग्री होनी चाहिए।
इसके अलावा, उम्मीदवारों ने कक्षा 10वीं तक हिंदी या संस्कृत पढ़ी हुई होनी चाहिए।

**एज लिमिट:**
उम्मीदवारों की न्यूनतम आयु 18 वर्ष और 42 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए।
विशेष वर्ग के उम्मीदवारों को आयु-सीमा में छूट भी दी जाएगी।
आयु की गणना 12 फरवरी, 2026 के आधार पर की जाएगी।

**एप्लिकेशन फीस:**
जनरल कैटेगरी के कैंडिडेट्स के लिए एप्लिकेशन फीस 1,000 रुपए निर्धारित की गई है।
EWS, OBC, SC, ST और महिलाओं के लिए एप्लिकेशन फीस 250 रुपए है।
दिव्यांग उम्मीदवारों के लिए एप्लिकेशन फीस नि:शुल्क है।

**सैलरी स्ट्रक्चर:**
सिलेक्टेड कैंडिडेट्स को 53,100 रुपए से लेकर 1,67,800 रुपए तक प्रतिमाह सैलरी दी जाएगी।

**ऐसे करें अप्लाई:**
HPSC की ऑफिशियल वेबसाइट hpsc.gov.in पर जाएं।
होमपेज पर ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन लिंक पर क्लिक करें।
लिंक पर क्लिक करने के मोबाइल नंबर और ईमेल आईडी आदि दर्ज करें।

रॉयल पत्रिका

जयपुर से प्रकाशित होने वाले हिंदी अख़बार "रॉयल पत्रिका" साप्ताहिक में आप वैवाहिक, मकान बेचना है, मकान खरीदना है, इत्यादि के विज्ञापन देकर अपना वक़्त बचा सकते हैं। यह विज्ञापन बहुत ही रियायती रेट में छापे जाते हैं। विज्ञापन बुक करवाने के लिए संपर्क करें -

9772552446/9799559096

## BSF में 549 पदों पर भर्ती का नोटिफिकेशन जारी

बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स (BSF) की ओर से स्पोर्ट्स कोटा के तहत कॉन्स्टेबल (जीडी) के पदों पर भर्ती निकली है।बीएसएफ की ओर से एप्लिकेशन विंडो 27 दिसंबर से एक्टिव की जाएगी। बीएसएफ कॉन्स्टेबल जीडी स्पोर्ट्स कोटा भर्ती के अंतर्गत 30 से अधिक खेलों को शामिल किया गया है। इनमें एथलेटिक्स, बॉक्सिंग, कुश्ती, हॉकी, फुटबॉल, कबड्डी, वॉलीबॉल, शूटिंग, तैराकी, योग समेत कई अन्य खेल शामिल हैं।

**आवेदन शुरू:**
27 दिसम्बर से 15 जनवरी 2025 तक

**एजुकेशनल क्वालिफिकेशन :**
10वीं पास
उम्मीदवारों ने इंटरनेशनल चैंपियनशिप में भाग लिया हो।

**शारीरिक योग्यता :**
पुरुष : न्यूनतम लंबाई 170 सेमी
सीना बिना फुलाए न्यूनतम 80 सेमी और फुलाकर 85 सेमी होना चाहिए।
महिला : अधिकतम लंबाई 157 सेमी

**एज लिमिट :**
न्यूनतम : 18 साल
अधिकतम : 23 साल
आयु की गणना 1 अगस्त 2025 को ध्यान में रखकर की जाएगी।
आरक्षित वर्ग के उम्मीदवारों को ऊपरी उम्र में नियमानुसार छूट दी जाएगी।

**सैलरी :**
21,700-69,100 रुपए प्रतिमाह
केंद्रीय सरकार द्वारा दिए जाने वाले अलाउंस का लाभ भी मिलेगा।

**सिलेक्शन प्रोसेस :**
उम्मीदवारों को शॉर्टलिस्ट करके डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन के लिए बुलाया जाएगा।
उसके बाद फिजिकल स्टैंडर्ड टेस्ट (PST)
डिटेल्ड मेडिकल एग्जामिनेशन (DME) होगा।

**ऐसे करें आवेदन :**
ऑफिशियल वेबसाइट rectt.bsf.gov.in पर जाएं।
रजिस्ट्रेशन करके पासवर्ड के माध्यम से लॉग इन करें।
मांगी गई डिटेल्स दर्ज करके डॉक्यूमेंट्स अपलोड करें।
फॉर्म सब्मिट करें।
इसका प्रिंटआउट लेकर रखें।

## रेलवे में 311 पदों पर भर्ती का नोटिफिकेशन जारी

रेलवे भर्ती बोर्ड ने 311 पदों पर भर्ती का नोटिफिकेशन जारी किया है। इस भर्ती के लिए आवेदन की शुरुआत 30 दिसंबर 2025 से होगी। उम्मीदवार ऑफिशियल वेबसाइट rrbapply.gov.in पर जाकर आवेदन कर सकेंगे।

**आवेदन शुरू:**
30 दिसम्बर से 29 जनवरी 2025 तक

**एजुकेशनल क्वालिफिकेशन :**
जूनियर हिंदी ट्रांसलेटर :
हिंदी या अंग्रेजी में पीजी डिग्री, जिसमें ग्रेजुएट लेवल पर हिंदी और अंग्रेजी अनिवार्य विषय हो।
स्टाफ और वेलफेयर इंस्पेक्टर :
श्रम कानूनों में विशेषज्ञता के साथ ग्रेजुएशन की डिग्री और डिप्लोमा या LLB की डिग्री।

**चीफ लॉ असिस्टेंट :**
लॉ की डिग्री और बार में वकील के रूप में कम से कम 3 साल का वर्क एक्सपीरियंस।
लैब असिस्टेंट ग्रेड III (केमिस्ट & मेटलर्जिस्ट) :
साइंस सब्जेक्ट (फिजिक्स और केमेस्ट्री) के साथ 12वीं पास।
प्रयोगशाला प्रौद्योगिकी में डिप्लोमा या सर्टिफिकेट प्राप्त किया हो।

**सीनियर पब्लिसिटी इंस्पेक्टर :**
जनसंपर्क, विज्ञापन, पत्रकारिता या जनसंचार में डिग्री या डिप्लोमा, साथ ही 2 साल का अनुभव।

**पब्लिक प्रॉसिक्यूटर :**
जनसंपर्क, विज्ञापन, पत्रकारिता या जनसंचार में डिग्री या डिप्लोमा।
साइंटिफिक असिस्टेंट/ ट्रेनिंग :
साइकोलॉजी में PG डिग्री के साथ एक साल का एक्सपीरियंस।

**एज लिमिट :**
न्यूनतम : 18 वर्ष
अधिकतम : 40 वर्ष
रिजर्व कैटेगरी के उम्मीदवारों को अधिकतम उम्र में छूट दी जाएगी।

**फीस :**
जनरल/ओबीसी/ईडब्ल्यूएस : 500 रुपए
एससी/एसटी : 250 रुपए
रिफंड फीस : 400 रुपए

**सिलेक्शन प्रोसेस :**
रिटन एग्जाम
स्किल टेस्ट
डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन
मेडिकल एग्जाम

**सैलरी :**
जूनियर हिंदी ट्रांसलेटर : 35,400 रुपए प्रतिमाह
स्टाफ और वेलफेयर इंस्पेक्टर : 35,400 रुपए प्रतिमाह
चीफ लॉ असिस्टेंट : 44,900 रुपए प्रतिमाह
लैब असिस्टेंट ग्रेड III (केमिस्ट & मेटलर्जिस्ट) : 19,900 रुपए प्रतिमाह
सीनियर पब्लिसिटी इंस्पेक्टर : 35,400 रुपए प्रतिमाह
पब्लिक प्रॉसिक्यूटर : 44,900 रुपए प्रतिमाह
साइंटिफिक असिस्टेंट/ ट्रेनिंग : 35,400 रुपए प्रतिमाह

**ऐसे करें आवेदन :**
ऑफिशियल वेबसाइट rrbapply.gov.in पर जाएं।
होमपेज पर अप्लाई ऑनलाइन के लिंक पर क्लिक करें।
न्यू रजिस्ट्रेशन लिंक पर क्लिक करके मांगी गई डिटेल्स दर्ज करें।
रजिस्ट्रेशन होने के बाद लॉग इन करें।
फीस (यदि लागू हो) जमा करें।

## भाभा एटॉमिक रिसर्च सेंटर में ग्रेड ए ऑफिसर की भर्ती

भाभा एटॉमिक रिसर्च सेंटर (BARC) ने साइंटिफिक ऑफिसर के पदों पर भर्ती के लिए आवेदन शुरू किए हैं। उम्मीदवार बार्क की ऑफिशियल वेबसाइट barc.gov.in के जरिए अप्लाई कर सकते हैं। इस भर्ती के लिए करेक्शन विंडो 7 से 14 फरवरी 2026 तक खुली रहेगी। एडमिट कार्ड 25 फरवरी को जारी किए जाएंगे। वहीं ऑनलाइन एग्जाम का आयोजन 14 और 15 मार्च को किया जाएगा। उम्मीदवार 26 मार्च से 2 अप्रैल 2026 तक गेट- 2026 स्कोर कार्ड अपलोड कर सकेंगे।

**आवेदन शुरू :**
22 दिसंबर से 21 जनवरी 2026 तक

**एजुकेशनल क्वालिफिकेशन :**
मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय या संस्थान से न्यूनतम 60 प्रतिशत अंकों के साथ बीई, बीटेक, बीएससी, एमएससी या इंटीग्रेटेड एमएससी की डिग्री होना चाहिए।

**एज लिमिट :**
सामान्य : अधिकतम 26 वर्ष
ओबीसी : अधिकतम 29 वर्ष
एससी/एसटी : 31 वर्ष
आयु की गणना 1 अगस्त 2026 के आधार पर की जाएगी।

**स्टाइपेंड :**
ट्रेनिंग के दौरान 74,000 रुपए प्रतिमाह स्टाइपेंड दिया जाएगा।

**फीस:**
जनरल, ओबीसी (पुरुष) : 500 रुपए
अन्य: नि:शुल्क

**सैलरी :**
ट्रेनिंग पूरी होने के बाद लेवल-10 पे मैट्रिक्स के तहत 1,35,000 रुपए प्रतिमाह सैलरी मिलेगी।
अन्य अलाउंस का लाभ भी मिलेगा।

**सिलेक्शन प्रोसेस :**
स्क्रीनिंग ऑनलाइन परीक्षा या गेट स्कोर के बेसिस पर की जाएगी।
शॉर्टलिस्ट किए गए उम्मीदवारों को पर्सनल इंटरव्यू के लिए बुलाया जाएगा।
फाइनल सिलेक्शन मेडिकल फिटनेस के बेसिस पर किया जाएगा।

**ऐसे करें आवेदन :**
बार्क की ऑफिशियल वेबसाइट barcocesexam.in पर जाएं।
Scientific Officer Recruitment 2026 सेक्शन पर क्लिक करें।
OCES-2026 या DGFS-2026 के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करके लॉगिन आईडी बनाएं।
लॉगिन करक फॉर्म में मांगी गई डिटेल्स दर्ज करें।
जरूरी डॉक्यूमेंट्स अपलोड करें।
आवेदन फॉर्म भरकर सब्मिट करें।
इसका प्रिंटआउट निकाल कर रखें।

## प्रशासनिक सेवाओं की तैयारी के लिए महत्वपूर्ण प्रश्न

### (पिछले अंक से जारी) (रणनीति)

41. 'जहांगीर' के शासनकाल में अंग्रेजों को व्यापार की अनुमति किस वर्ष मिली?
(A) 1600 ई. (B) 1608 ई.
(C) 1615 ई. (D) 1620 ई.
उत्तर: (B) व्याख्या: 1608 ई. में जहांगीर ने अंग्रेज व्यापारी विलियम हॉकिन्स को व्यापार की अनुमति दी।

42. ताजमहल' का निर्माण कब प्रारंभ हुआ था?
(A) 1631 ई. (B) 1632 ई.
(C) 1648 ई. (D) 1650 ई.
उत्तर: (B) व्याख्या: शाहजहाँ ने 1632 ई. में ताजमहल का निर्माण शुरू कराया जो 1653 ई. में पूरा हुआ।

43. औरंगजेब की मृत्यु कहाँ हुई?
(A) दिल्ली (B) दौलताबाद
(C) अहमदनगर (D) लाहौर
उत्तर: (C) व्याख्या: 1707 ई. में औरंगजेब की मृत्यु अहमदनगर (महाराष्ट्र) में हुई थी।

44. मराठा साम्राज्य के संस्थापक कौन थे?
(A) शिवाजी (B) पेशवा बाजीराव
(C) शंभाजी(D) बालाजी विश्वनाथ
उत्तर: (A) व्याख्या: 1674 ई. में छत्रपति शिवाजी ने मराठा साम्राज्य की स्थापना की।

45. शिवाजी के शासनकाल में 'अष्टप्रधान परिषद्' में क्या था?
(A) आठ मंत्री (B) आठ सेनाएँ
(C) आठ ग्राम (D) आठ किले
उत्तर: (A) व्याख्या: अष्टप्रधान परिषद् में आठ मंत्री थे जो शासन के विभिन्न विभागों का संचालन करते थे।

46. अंग्रेज ईस्ट इंडिया कंपनी को भारत में व्यापार करने की अनुमति किसने दी थी?
(A) अकबर (B) औरंगजेब
(C) जहांगीर (D) शाहजहाँ
उत्तर: (C)
व्याख्या: 1608 ई. में जहांगीर ने अंग्रेज व्यापारी विलियम हॉकिन्स को भारत में व्यापार की अनुमति दी।

47. भारत में पहला अंग्रेजी कारखाना कहाँ स्थापित किया गया था?
(A) सूरत (B) मद्रास
(C) बंबई (D) कलकत्ता
उत्तर: (A) व्याख्या: 1613 ई. में अंग्रेजों ने सूरत में अपना पहला व्यापारिक कारखाना स्थापित किया।

48. 'प्लासी का युद्ध' कब हुआ था?
(A) 1757 ई. (B) 1764 ई.
(C) 1799 ई. (D) 1857 ई.
उत्तर: (A) व्याख्या: 1757 ई. में प्लासी का युद्ध अंग्रेजों और सिराजुद्दौला के बीच हुआ जिसमें अंग्रेज विजयी हुए।

49. 'बक्सर का युद्ध' कब हुआ था?
(A) 1757 ई. (B) 1764 ई.
(C) 1773 ई. (D) 1799 ई.
उत्तर: (B) व्याख्या: 1764 ई. में बक्सर का युद्ध हुआ जिसमें मीर कासिम, शुजा-उद-दौला और शाह आलम द्वितीय की संयुक्त सेना पर क्लाइव की विजय हुई।

50. 'डायरेक्टर्स का विनियमन अधिनियम (Regulating Act)' किस वर्ष पारित हुआ?
(A) 1773 ई. (B) 1784 ई.
(C) 1813 ई. (D) 1858 ई.
उत्तर: (A) व्याख्या: 1773 का रेगुलेटिंग एक्ट कंपनी के प्रशासनिक कार्यों को नियंत्रित करने के लिए ब्रिटिश संसद द्वारा पारित किया गया था।

51. 'पिट्स इंडिया एक्ट' कब पारित हुआ?
(A) 1773 ई. (B) 1784 ई.
(C) 1793 ई. (D) 1813 ई.
उत्तर: (B) व्याख्या: 1784 का पिट्स इंडिया एक्ट कंपनी पर ब्रिटिश सरकार के नियंत्रण को और सशक्त बनाता है।

52. 'स्थायी बंदोबस्त प्रणाली' किसने लागू की?
(A) वारेन हेस्टिंग्स
(B) लॉर्ड कॉर्नवालिस
(C) लॉर्ड वेलेजली
(D) लॉर्ड विलियम बेंटिंक
उत्तर: (B) व्याख्या: 1793 ई. में लॉर्ड कॉर्नवालिस ने बंगाल में स्थायी बंदोबस्त प्रणाली लागू की।

53. 'रैयतवारी प्रणाली' का आरंभ किसने किया था?
(A) थॉमस मुनरो(B) लॉर्ड हेस्टिंग्स
(C) वेल्सली (D) कॉर्नवालिस
उत्तर: (A)
व्याख्या: थॉमस मुनरो ने मद्रास में रैयतवारी प्रणाली लागू की थी जिसमें किसान सीधे सरकार को कर देते थे।

54. 'महलवारी प्रणाली' का आरंभ किसने किया था?
(A) रॉबर्ट बर्ड (B) हेस्टिंग्स
(C) वेल्सली (D) कॉर्नवालिस
उत्तर: (A) व्याख्या: रॉबर्ट बर्ड ने उत्तर भारत में महलवारी प्रणाली शुरू की जिसमें पूरे गाँव को एक इकाई माना गया।

55. 'सती प्रथा' को किसने समाप्त किया?
(A) राजा राममोहन राय
(B) ईश्वरचंद्र विद्यासागर
(C) लॉर्ड बेंटिंक
(D) लॉर्ड डलहौजी
उत्तर: (C) व्याख्या: 1829 ई. में लॉर्ड बेंटिंक ने राजा राममोहन राय के प्रयासों से सती प्रथा पर प्रतिबंध लगाया। **-डॉ. एम . ए. खान प्रोफेसर (भूगोल)**

## भविष्य को सुरक्षित करने के लिये बचत योजनाएँ

भारत में आज के समय में हर कोई चाहता है कि उसका भविष्य सुरक्षित रहे और बुढ़ापे में उसे किसी के आगे हाथ न फैलाना पड़े। ऐसे में India Post Office यानी डाकघर की बचत योजनाएं मध्यम वर्गीय परिवारों के लिए एक वरदान साबित हो रही हैं। आजकल सोशल मीडिया और इंटरनेट पर एक खबर बहुत तेजी से वायरल हो रही है कि मात्र ₹2700 का निवेश करके आप ₹47 लाख का बड़ा फंड तैयार कर सकते हैं। यह खबर सुनकर कई लोग हैरान हैं कि क्या वाकई डाकघर की किसी स्कीम में इतना पैसा मिल सकता है। दरअसल, यह स्कीम कोई और नहीं बल्कि पोस्ट ऑफिस की सबसे भरोसेमंद योजना Public Provident Fund (PPF) है। इस योजना की सबसे बड़ी खासियत इसकी सुरक्षा और मिलने वाला Compound Interest यानी चक्रवर्धि ब्याज है, जो छोटे से निवेश को समय के साथ एक पहाड़ जैसा बना देता है।

**Post Office PPF Scheme: निवेश का सबसे सुरक्षित तरीका:**
जब बात सुरक्षित निवेश की आती है, तो भारतीय डाकघर का नाम सबसे पहले आता है। पोस्ट ऑफिस की PPF Scheme एक ऐसी लॉन्ग टर्म इन्वेस्टमेंट योजना है जिसमें आपका पैसा पूरी तरह सुरक्षित रहता है क्योंकि इसे भारत सरकार का संरक्षण प्राप्त है। इस स्कीम में निवेश करने पर आपको न केवल फिक्स्ड रिटर्न मिलता है, बल्कि इस पर मिलने वाला ब्याज पूरी तरह से Tax-Free होता है। यही कारण है कि नौकरीपेशा और अपना छोटा-मोटा व्यापार करने वाले लोग इसे बुढ़ापे की लाठी मानते हैं। इस योजना के तहत आपको साल भर में कम से कम ₹500 और अधिकतम ₹1.5 लाख तक जमा करने की सुविधा मिलती है। वायरल हो रहे दावों के अनुसार, यदि आप अपनी उम्र के शुरुआती दौर से ही इसमें छोटा निवेश शुरू करते हैं, तो मेच्योरिटी पर आप करोड़पति भी बन सकते हैं।

| | |
|---|---|
| योजना का नाम: | पब्लिक प्रॉविडेंट फंड (PPF) |
| संचालक: | भारत सरकार (India Post) |
| वर्तमान ब्याज दर: | 7.1% (सालाना कंपाउंडिंग) |
| न्यूनतम निवेश: | ₹500 प्रति वर्ष |



| | |
|---|---|
| अधिकतम निवेश: | ₹1.5 लाख प्रति वर्ष |
| योजना की अवधि: | 15 साल (5-5 साल के लिए बढ़ाया जा सकता है) |
| टैक्स लाभ: | धारा 80C के तहत पूरी तरह टैक्स फ्री |
| सुरक्षा: | 100% सरकारी गारंटी |

**कैसे ₹2700 बन जाएंगे ₹47 लाख? समझें गणित**
अगर आप यह सोच रहे हैं कि हर महीने मात्र ₹2700 निवेश करने से ₹47 लाख कैसे मिल सकते हैं, तो इसका जवाब है 'कंपाउंडिंग की शक्ति'। पीपीएफ अकाउंट की मेच्योरिटी अवधि 15 साल की होती है, लेकिन इसे 5-5 साल के ब्लॉक में आगे बढ़ाया जा सकता है।
मान लीजिए कि आप हर महीने ₹2700 का निवेश करते हैं, तो एक साल में आपका कुल निवेश ₹32,400 होगा। अगर आप इस निवेश को लगातार 15 साल तक चालू रखते हैं, तो वर्तमान 7.1% की ब्याज दर के हिसाब से आपके पास एक अच्छी खासी रकम होगी।
लेकिन असली जादू तब शुरू होता है जब आप इस खाते को 15 साल पूरे होने के बाद अगले 10 या 15 सालों के लिए बढ़ा देते हैं। जब आप अपनी निवेश अवधि को कुल 30 साल तक ले जाते हैं, तो आपका छोटा सा मंथली कंट्रीब्यूशन ब्याज के साथ जुड़कर लगभग ₹38 लाख से ₹47 लाख के बीच पहुँच सकता है।

## सैन्य शक्ति के हिसाब से दुनिया के 10 सबसे शक्तिशाली देश, भारत का चौथा नंबर है



वॉशिंगटन: आज की दुनिया में हर देश अपनी सैन्य शक्ति को बढ़ा रहा है। इसका प्रमुख कारण दुनियाभर में जारी संघर्ष भी हैं। वर्तमान में दुनिया का कोई भी महाद्वीप ऐसा नहीं है, जहां सैन्य तनाव न हो। इस बीच ग्लोबल फायर इंडेक्स ने सैन्य शक्ति के हिसाब से दुनिया के 10 सबसे शक्तिशाली देशों की सूची जारी की है। इस रैंकिंग में सिर्फ सैनिकों की संख्या या टैकों की रेजिमेंट को ही नहीं, बल्कि जनशक्ति, टेक्नोलॉजी, अर्थव्यवस्था और रणनीतिक उपस्थिति को भी शामिल किया गया है।
ग्लोबल फायरपावर 2025 सैन्य रैंकिंग में 145 देशों का अध्ययन किया गया है। इस अध्ययन में 60 से अधिक अलग-अलग कारकों का विश्लेषण किया गया है। जिनमें लड़ाकू विमान, युद्धपोत और पनडुब्बियों से लेकर सैन्य बजट और लॉजिस्टिक तक पहुंच शामिल है। इसके आधार पर रैंकिंग में शामिल सभी देशों का एक निश्चित पावरइंडेक्स (PwrIndx) स्कोर ज्ञात किया गया है। इसी के आधार पर दुनिया के 10 सबसे शक्तिशाली देशों की सूची तैयार की गई है।

**2025 में 10 सबसे शक्तिशाली सेनाएं-**
**अमेरिका (पावरइंडेक्स: 0.0744)-**
ग्लोबल फायरपावर 2025 सैन्य रैंकिंग में अमेरिका शीर्ष पर है। अमेरिका के पास दुनिया की सबसे उन्नत और तकनीकी रूप से अडवांस सेना है। अमेरिका की हवाई शक्ति, नौसैनिक ताकत बेजोड़ है। उसके पास जमीनी सैन्य ठिकानों का एक वैश्विक नेटवर्क भी है।

**रूस (पावरइंडेक्स: 0.0788)-**
रूस के पास दुनिया की दूसरी सबसे शक्तिशाली सेना है। रूसी सेना के पास टैंक, तोपखाने और परमाणु हथियारों का सबसे बड़ा भंडार है। इसके पास स्ट्रैटजिक मिसाइल फोर्स भी है, जो दुनिया में अद्वितीय है। रूस की सैन्य ताकत इसके परमाणु हथियार, पनडुब्बियों और मिसाइलों के कारण लगातार बढ़ रही है।

**चीन (पावरइंडेक्स: 0.0788)-**
चीन सैन्य शक्ति के मामले में रूस के साथ लगभग बराबर है। उसने अपनी सेना का बड़े पैमाने पर और तेजी से आधुनिकीकरण किया है। आज चीन के पास दुनिया का सबसे बड़ा नौसैनिक बेड़ा है। चीन के पास मिसाइलों का भी विशाल भंडार है। इसके अलावा परमाणु हथियारों के मामले में भी चीन तीसरे स्थान पर है।

**भारत (पावरइंडेक्स: 0.1184)-**
भारत दुनिया की चौथी सबसे बड़ी सैन्य शक्ति है। भारत के पास दुनिया की सबसे बड़ी सक्रिय सेनाओं में से एक है। भारत की सैन्य शक्ति का मुख्य आधार बढ़ता घरेलू रक्षा उद्योग, रणनीति और भौगोलिक स्थित के साथ आयातित और स्थानीय रूप से उत्पादिक हथियारों का विशाल भंडार है।

**दक्षिण कोरिया (पावरइंडेक्स: 0.1656)-**
उत्तर कोरिया के खतरे का सामना करते हुए दक्षिण कोरिया ने एक अत्यधिक उन्नत, अच्छी तरह से सुसज्जित सेना विकसित की है। दक्षिण कोरिया की सैन्य ताकत घरेलू रक्षा उद्योग, उन्नत सैन्य तकनीक और एक बड़ी रिजर्व फोर्स से बढ़ी है। दक्षिण कोरिया के पास आधुनिक लड़ाकू विमान और जमीनी सिस्टमों का भी भंडार है।

**यूनाइटेड किंगडम (पावरइंडेक्स: 0.1785)-**
UK की मिलिट्री पावर की खासियत उसकी एलीट, एक्सपेडिशनरी-फोकस्ड फोर्सेज और अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी है। इसके आधुनिक एयरक्राफ्ट कैरियर, न्यूक्लियर सबमरीन फ्लीट और स्पेशल ऑपरेशंस यूनिट्स इसकी ग्लोबल पहुंच शामिल हैं।

**फ्रांस (पावरइंडेक्स: 0.1878)-**
फ्रांस दुनिया का सातवां सबसे शक्तिशाली देश है। इसके पास एक अडवांस मिलिट्री इंडस्ट्रियल कॉप्लेक्स भी है, जहां फाइटर जेट से लेकर परमाणु पनडुब्बियां सब कुछ बनते हैं। फ्रांस के पास मिसाइलों का भी विशाल भंडार है।

**जापान (पावरइंडेक्स: 0.1839)-**
जापान की सेल्फ-डिफेंस फोर्सेज दुनिया में सबसे ज्यादा टेक्नोलॉजिकली एडवांस्ड है। जापान की सैन्य ताकत खासकर नौसेना और एंटी-सबमरीन युद्ध में बहुत अधिक है। स्पेस और साइबर वारफेयर जैसे क्षेत्रों में भी जापान ने काफी प्रगति की है। उसने अपनी सैन्य क्षमता को बढ़ाने के लिए बजट में भी बहुत इजाफा किया है।

**तुर्की (पावरइंडेक्स: 0.1902)**
तुर्की NATO में दूसरी सबसे बड़ी स्थायी सेना होने का दावा करता है। इसकी सेना अनुभवी और तेजी से आत्मनिर्भर हो रही है। तुर्की को बढ़ते घरेलू डिफेंस इंडस्ट्री का सपोर्ट मिल रहा है जो ड्रोन, जहाज और बख्तरबंद गाड़ियां बनाती है।

**इटली (पावरइंडेक्स: 0.2164)-**
इटली एक सक्षम और संतुलित सेना के साथ टॉप दस में शामिल है। इसके पास एयरक्राफ्ट कैरियर वाली एक शक्तिशाली नौसेना, एक आधुनिक वायु सेना है। यह देश NATO और भूमध्यसागरीय सुरक्षा ऑपरेशंस में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

# मदरसा अंजुमन में सभी पंचायतों के रुक्के तय समय पर हुए जमा

## -चुनाव कमेटी ने कार्यवाहक सदर माजिद सलीम और मोहतमिम अब्दुल कय्यूम के सामने खोले सभी रुक्के



बारां (रॉयल पत्रिका)। मदरसा अंजुमन इस्लामियां की इंतजामिया कमेटी के 3 साला चुनाव को लेकर कार्यवाहक सदर माजिद सलीम और अंजुमन इस्लामियां चुनाव कमेटी द्वारा सभी पंचायतों को जारी किए गए रुक्के 11 जनवरी 2026 तय समय पर जमा हो गए। प्रवक्ता शाहिद इकबाल भाटी ने बताया कि चुनाव कमेटी के मास्टर अनवर अली, मास्टर मोहम्मद सलाम दिलावर, एडवोकेट रईस हाशमी, एडवोकेट फिरोज खान ने कार्यवाहक सदर माजिद सलीम और अंजुमन के मोहतमिम अब्दुल कय्यूम के सामने सभी पंचायतों के रुक्के खोल कर उनके द्वारा भेजे गए सदस्यों के रुक्कों की जांच कर उनके नाम रजिस्टर में दर्ज कर लिए है। चुनाव कमेटी के सदस्यों ने बताया कि पंचायतों द्वारा भेजे गए सदस्यों की सूची तैयार कर अंजुमन के बाहर चस्पा कर दी गई है। कार्यवाहक सदर माजिद सलीम ने बताया कि 16 जनवरी को अंजुमन के नए सदर के लिए चुनाव करवाए जाएंगे। जिसकी प्रक्रिया इस प्रकार रहेगी। सदर के नामांकन की प्रक्रिया 16 जनवरी 2026 शुक्रवार को सुबह 10 से 12 बजे तक रहेगी। इसके बाद दोपहर 12 बजे से दोपहर 1 बजे तक नामांकन फॉर्म की जांच की जाएगी। इसके बाद दोपहर 1 बजे से 2 बजे तक नामांकन वापस लेने की प्रक्रिया की जाएगी। दोपहर 2:30 से शाम 05 बजे तक सदर के चुनाव करवाए जाएंगे। सदर का उम्मीदवार अपने दो प्रस्तावकों के साथ ही अपना नामांकन दाखिल कर सकता है। तथा सदर पद के लिए नामांकन भरने के साथ 1 हजार रुपए राशि अंजुमन में जमा करवाकर रशीद प्राप्त कर ले। ये राशि वापस लौटाई नहीं जाएगी।

# मनरेगा योजना बचाओ को लेकर कांग्रेसजनों ने किया महात्मा गांधी की प्रतिमा के सम्मुख एक दिवसीय उपवास

बारां (रॉयल पत्रिका)। कांग्रेस के बारां नगर प्रषान्त भारद्वाज ने जानकारी देते हुए बताया कि मनरेगा बचाओ संग्राम जन आंदोलन के तहत रविवार 11 जनवरी को कांग्रेस पार्टी द्वारा जिला मुख्यालय पर जिला कलेक्ट्रेट कार्यालय परिसर स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा के सम्मुख एक दिवसीय उपवास रखा जाकर धरना दिया गया जिसमें बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों आदि ने भाग लिया। जिनके द्वारा सर्वप्रथम महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया। विधायक अन्ता प्रमोद जैन भाया ने कहा कि महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारण्टी अधिनियम (मनरेगा) जिसे वर्ष 2005 में यूपीए सरकार द्वारा लागू किया गया था, एक अधिकार आधारित कानून है जो प्रत्येक ग्रामीण परिवार को मजदूरी रोजगार की मांग करने का वैधानिक अधिकार देता है। कानून के तहत राज्य सरकार 15 दिनों के भीतर रोजगार उपलब्ध कराने के लिए बाध्य है अन्यथा बेरोजगारी भत्ता देय होता है। यही वैधानिक गारण्टी मनरेगा की मूल और परिभाषित विषेषता है। कांग्रेस जिलाध्यक्ष रामचरण मीणा ने कहा कि मनरेगा ग्रामीण आजीविका सुरक्षा की रीढ रही है। यह योजना प्रतिवर्ष 5-6 करोड़ परिवारों को रोजगार उपलब्ध करवाती है और मजबूरी में होने वाले पलायन को कम करती है, ग्रामीण मजदूरी बढाती है और टिकाऊ सामुदायिक परिसम्पत्तियों का निर्माण करती है। जिला प्रमुख उर्मिला जैन भाया ने कहा कि केन्द्र सरकार की नीति से बजट का सीमित आंवटन, कृषि के चरम मौसम में कार्य पर प्रतिबन्ध और मजदूरी सुरक्षा प्रावधानों का कमजोर होना अनिवार्य रूप से रोजगार में कमी, मजदूरों का दमन और ग्रामीण संकट में वृद्वि का कारण बनेगा। कार्यक्रम से महात्मा गांधी के नाम को हटाया जाना भी श्रम की गरिमा




और ग्राम स्वराज के उन मूल्यों को कमजोर करने का प्रयास दर्षाता है जिन पर मनरेगा आधारित है। पूर्व विधायक पानाचन्द मेघवाल ने कहा कि भाजपा सरकार की वी.बी.ग्राम जी अधिनियम इस पूरे ढांचे से एक मौलिक विचलन है। यह काम की वैधानिक गारण्टी को समाप्त करता है तथा निणय प्रक्रिया का केन्द्रीकरण केन्द्र सरकार के हाथों में करता है, ग्रामसभाओं और पंचायतों को कमजोर करता है तथा केन्द्र के मजदूरी अंषदान को लगभग 90 प्रतिषत से घटाकर 60 प्रतिषत कर देता है जिससे वित्तीय बोझ राज्यों और श्रमिकों पर डाल दिया जाता है। कांग्रेस पार्टी द्वारा मनरेगा बचाओ संग्राम जन आंदोलन के तहत आज आयोजित एक दिवसीय उपवास कार्यक्रम के दौरान पीसीसी सचिव हंसराज मीणा उदपुरिया, महिला जिलाध्यक्ष बृजेष वर्मा, सेवादल जिलाध्यक्ष शिवषंकर यादव, ब्लाक अध्यक्ष किषनगंज अजीज नाजा, नगर अध्यक्ष मांगरोल डॉ. इजहार खान सीमा, पूर्व चेयरमेन सीसवाली मोहम्मद इदरीस खान, प्रदीप काबरा, तोलाराम मीणा, मण्डल अध्यक्ष योगेष नागर, सतीष शर्मा, सेवादल के प्रदेष सचिव अषरफ देषवाली, संध्या जाडेजा, अब्दुल हफीज, साजिद हुसैन, रोहित गुर्जर, विरेन्द्र शान्त, पूर्व छात्र संघ अध्यक्ष दिनेष गुर्जर, सूरजमल बैरवा पीटीआई, बलराम, रामस्वरूप धारीवाल, पार्षद पीयूष सोनी, विजय बैरवा, रोनक, निहाल, रितीक शर्मा, समीर शर्मा, तोफिक, जितेष, सहित कई कांग्रेसजनों ने भाग लिया।

# फुटबॉल प्रतियोगिता के फाइनल मैच की विनर रही निम्बाहेड़ा टीम

## -विधायक प्रमोद जैन भाया के मुख्य अतिथि में हुआ समापन

मांगरोल (रॉयल पत्रिका)। जनता मांगरोल के सहयोग से आजाद क्लब के तत्वाधान में आयोजित की जाने वाली चार दिवसीय राज्य स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता के चौथे दिन रविवार को बावड़ी ग्राउंड में दो सेमीफाइनल व फाइनल मुकाबले खेले गए। इस प्रतियोगिता में राजस्थान से 16 टीमों ने भाग लिया। आयोजन समिति के अध्यक्ष सलाम पठान व प्रेस प्रवक्ता मोहम्मद इलियास ने बताया कि चौथे दिन का पहला सेमीफाइनल मैच सावा बनाम निम्बाहेड़ा के बीच खेला गया। जिसमें निम्बाहेड़ा की टीम 2-1 ने जीत दर्ज की। वहीं दूसरा सेमीफाइनल एफ आर कोटा बनाम बारां के बीच खेला गया। इसमें दोनों टीमें बराबर रही। उसके बाद पेनल्टी शूट आउट में एफ आर कोटा ने विजय प्राप्त की । इसके बाद दोपहर तीन बजे फाइनल मैच निम्बाहेड़ा बनाम आर एफ कोटा के बीच खेला गया। जिसमें निम्बाहेड़ा एक गोल से विजय रही। आजाद क्लब के अध्यक्ष असगर अली ने बताया कि फाइनल मैच के तुरन्त बाद समापन समारोह आयोजित किया गया। समापन समारोह के मुख्य अतिथि प्रमोद जैन भाया पूर्व मंत्री एवं विधायक अन्ता रहे। अध्यक्षता अमीन पठान प्रदेश अध्यक्ष कांग्रेस खेल प्रकोष्ठ राजस्थान ने की। विशिष्ट अतिथि में रामचरण मीणा जिला अध्यक्ष कांग्रेस बारां, हंसराज मीणा सचिव प्रदेश कांग्रेस कमेटी, कौशल किशोर सुमन पूर्व चेयरमैन नगरपालिका मांगरोल, जितेन्द्र नागर उप प्रधान प्रतिनिधि, डॉ. इजहार खान अध्यक्ष नगर कांग्रेस कमेटी, हाजी मोहम्मद अशफाक पूर्व सदस्य राजस्थान स्टेट हज कमेटी जयपुर,



इब्राहिम भाई बोहत वाले, इकबाल भाई सीमा इलेक्ट्रिकल्स, सत्यनारायण चौधरी पूर्व सरपंच, इदरीस खान पूर्व चेयरमैन नगरपालिका सीसवाली, इरफान अंसारी चेयरमैन जिला वक्फ कमेटी बारां, अली हुसैन टीपू जिला अध्यक्ष अल्पसंख्यक कांग्रेस बारां, शोएब अख्तर प्रेस प्रवक्ता जिला वक्फ कमेटी बारां, रानी यादव नगर अध्यक्ष महिला कांग्रेस मांगरोल थे। प्रतियोगिता फाइनल में विजेता होने वाली टीम को बड़ा कप अब्दुल रजाक पूर्व वाईस चेयरमैन नगरपालिका मांगरोल की और से दी गई एवं विजेता टीम को 21 हजार रुपए नकद इब्राहिम भाई बोहत वाले की और से दी गई व प्रत्येक खिलाड़ियों को एक एक शील्ड आयोजन समिति द्वारा दी गई तथा द्वितीय पुरस्कार 11 हजार रुपए पटेल फिलिंग स्टेशन बोहत हाजी वकार अहमद की और से एवं छोटा कप व प्रत्येक खिलाड़ियों को एक एक शील्ड आयोजन समिति द्वारा देकर सम्मानित किया गया। इसके बाद प्रत्येक खिलाड़ियों को मांगरोल की प्रसिद्ध खादी एक एक जोड़ी खादी की पेंट शर्ट व एक टाउल हाजी निजामुद्दीन पप्पू खादी की और से तथा प्रत्येक खिलाड़ियों को एक एक घड़ी सलीम भाई रॉयल की ओर से दी गई। बेस्ट प्लेयर का इनाम निम्बाहेड़ा के खिलाड़ी रोहन जर्सी नंबर 5 को हनी स्पोर्ट्स निसार भाई की और से शील्ड के साथ सम्मानित किया गया। गेम इंचार्ज में लियाकत हुसैन शारीरिक शिक्षक, दिनेश कुमार मधुकर वरिष्ठ अध्यापक रहे। यहां रेफरी की भूमिका में लियाकत भाई मकराना, रफीक भाई अब्बासी नीमच मध्यप्रदेश, फरीद खान निम्बाहेड़ा, मोहम्मद यूसुफ मकराना का आए हुए अतिथियों का आयोजन समिति द्वारा माला साफा व स्मृति चिन्ह भेंट कर स्वागत किया गया। ग्राउंड के चारों ओर दर्शकों भीड़ देखने को मिली। निम्बाहेड़ा की जीत पर दर्शकों की ओर से आतिशबाजी कर खुशी मनाई।

# मोहम्मद अशफाक (भाईजान) की 24 वीं बरसी पर खिराजे अकीदत पेश की



बारां (रॉयल पत्रिका)। हाड़ौती संभाग में अमन के फ़रिश्ते, हिन्दू-मुस्लिम एकता के प्रतीक, राजस्थान में अपनी अलग पहचान बनाने वाले गरीबों, बेसहारा लोगों के हमदर्द, कॉम के रहनुमा रहे मरहूम एडवोकेट मोहम्मद अशफाक भाईजान बारां वालो की 24 वीं बरसी के मौके पर मदरसा अंजुमन इस्लामियां कमेटी द्वारा कार्यवाहक सदर माजिद सलीम के नेतृत्व में कब्रिस्तान जाकर मरहूम के लिए फातिहा पढ़कर दुआएं मगफिरत की। इसके साथ ही मदरसा अंजुमन इस्लामियां में कुरान ख्वानी का एहतमाम भी किया गया। इस मौके पर भाईजान के पोते जो भी भाईजान की तरह एडवोकेट की पढ़ाई कर रहे हैं मोहम्मद शाद अशफाक रज़ा ने कहा कि भाईजान एक अज़ीम शख्सियत के मालिक थे। जब तक वो रहे उन्होंने हमेशा हिन्दू-मुस्लिम भाईचारा बनाए रखा। जहां भी कौम को उनकी जरूरत पड़ी वो हमेशा कौम के साथ खड़े रहे। अंजुमन के कार्यवाहक सदर माजिद सलीम ने कहा कि सभी धर्मों के लोग उनका बहुत सम्मान करते थे। शहर में कोई भी मामला हो प्रशासन उन्हें ज़रूर याद करता था। पूरे हाड़ौती सम्भाग में वो अमन के फरिश्ते के नाम से प्रसिद्ध थे। उनकी बरसी के मौके पर मोहतमिम अब्दुल कय्यूम, जाकिर मंसूरी, पूर्व सदर अब्दुल शकूर चिश्ती, अशफाक मयूर, मन्नू पठान, इकबाल नेता, सादिक हुसैन, वाइस प्रिंसपल मोहम्मद आबिद देशवाली, मंसूर अली, नासिर खान बंटी, जाहिद खान, अनवर हाशमी, औसाफ इमरान, मुन्ना भाई कनापुर, जावेद भाई, इरफान मंसूरी, ज़ोई अलिफ अंसारी, रईस अहमद, हुसैन भाई, बुंदू शिकारी सहित अन्य लोगों ने कब्रिस्तान पहुंच कर फतेहा पढ़ी ओर मरहूम एडवोकेट मोहम्मद अशफाक भाईजान को खिराजे अकीदत पेश की।

# देश के नाम इंसानियत का पैगाम

## -पयामे इंसानियत सोसायटी मनोहरथाना द्वारा लगाया गया क्लॉथ डोनेट कैंप ज़रूरत मंदो में दौड़ी खुशी की लहर, सर्दी के कहर से बचने में लोगों की हुई मदद



झालावाड़ (रॉयल पत्रिका) । मनोहर थाना पयामे इंसानियत सोसायटी के नेतृत्व में मुस्लिम समुदाय मनोहर थाना द्वारा क्लॉथ डोनेट कैंप का आयोजन कर ग्रामीणों में निःशुल्क कपड़ो का वितरण किया गया जिसमे सोसायटी द्वारा समुदाय के लोगो से अतिरिक्त(extra) कपड़ो को इखट्टा किया गया । साथ ही कुछ दानदाताओं द्वारा नए गरम कपड़े व कम्मल भी शामिल किये गए और कस्बे में लगने वाले प्राचीन साप्ताहिक हाठ के मोके पर नगर के मुख्य बस स्टैंड पर नगर पालिका परिसर में जरूरत मंद लोगो में वितरित किए गए। वही कैंप के मुख्य अतिथि प्रधान प्रतिनिधि पृथ्वी सिंह तंवर व विशिष्ट अतिथि ब्रजेश बागला, लियाकत अली व लाला कोठारी द्वारा कपड़े दान कर कैंप का शुभारंभ किया गया। वहीं मौलाना इंसाफ शेख द्वारा बताया गया की पयामे इंसानियत सोसायटी द्वारा इस कैंप के आयोजन का उद्देश्य नफरत के इस दौर में देश भर मे आपसी मोहब्बत ओर भाईचारे का संदेश देना है और इससे बढ़कर इंसानियत के नाते बिना किसी का मजहब ओर जात पात देखे हर ज़रूरत मंद व्यक्तियों की मदद करना हमारा मुख्य उद्देश्य है। इसी के साथ क्लॉथ डोनेट कैंप, ब्लड डोनेट कैंप, मानवता की भलाई व जरूरत मंदो की मदद जैसे समस्त कार्य ओर आपसी मोहब्बत,भाईचारे व इंसानियत का पैगाम देने का काम सोसायटी द्वारा देश भर में किया जा रहा है। कैंप के दौरान मौलान इंसाफ अहमद, मौलाना जाहिद अहमद, मोलाना अनस, शेख याहया, पूर्व वक़्फ़ सदर सादिक अली, नवाज़ प्रवक्ता लियाकत अली, इरशाद अली, अत्तू भाई, उप सरपंच राशीद अली, आफ़ताब चिश्ती सहित समस्त पयामे इंसानियत सोसायटी सदस्य मोजूद रहे।


राजस्थान सरकार

2 साल
नव उत्थान - नई पहचान
बढ़ता राजस्थान - हमारा राजस्थान



श्री नरेन्द्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री



श्री भजनलाल शर्मा
माननीय मुख्यमंत्री

उत्तिष्ठत
जाग्रत
प्राप्य
वरान्निबोधत।



12 जनवरी, 1863 - 4 जुलाई, 1902

उठो, जागो और
तब तक रुको नहीं,
जब तक लक्ष्य
प्राप्त न हो जाए।

राष्ट्रीय युवा दिवस | 12 जनवरी, 2026

स्वामी विवेकानंद की पावन जयंती पर सादर नमन

दो साल में युवा उम्मीदों को मिले बेहतर अवसर

नियुक्ति / भर्ती
1 लाख से अधिक सरकारी नियुक्तियां
**1.43 लाख** नई सरकारी भर्तियां
निजी क्षेत्र में 2 लाख से अधिक नियुक्तियां

पारदर्शी भर्ती परीक्षा
**एसआईटी गठित**
डमी अभ्यर्थी, फर्जी डिग्री सम्बन्धी
अन्य अनियमितताओं पर रोक

स्कूटी एवं साइकिल / टैबलेट वितरण
छात्राओं को **39,586 स्कूटियाँ** एवं
**10.51 लाख साइकिलें**
मेधावी विद्यार्थियों को **88,724 टैबलेट**

स्टार्टअप्स को संबल
**65 i-Start लॉन्चपैड नेस्ट** स्थापित
658 स्टार्टअप्स को **₹22.48 करोड़** की सहायता

कौशल प्रशिक्षण
3.37 लाख युवाओं को **कौशल प्रशिक्षण**
**434 रोजगार शिविरों** में 1.20 लाख युवा लाभान्वित

मुख्यमंत्री युवा संबल योजना
4.13 लाख युवाओं को **₹1,155 करोड़**
1.91 लाख **युवाओं को इंटर्नशिप**

खेलो इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स 2025
जिलों में 17 नवीन **खेलो इण्डिया केन्द्रों की स्थापना**

कृषि शोध एवं अध्ययन
58,397 **छात्राओं को ₹103 करोड़**
की प्रोत्साहन राशि

खिलाडियों का सम्मान
1,754 खिलाडियों को
**₹39.57 करोड़** की सहायता

राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर युवाओं को सौगात

1 लाख सरकारी पदों पर भर्ती का कैलेंडर
मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना - 2026
नवीन युवा नीति - 2026
रोजगार नीति - 2026

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, राजस्थान

राजस्थान संवाद

# इंसानियत एकता सेवा समिति की तरफ से दुपहिया वाहन चालकों को 110 मफलर वितरित किए गए

चूरू (रॉयल पत्रिका) । जिला मुख्यालय पर इंसानियत एकता सेवा समिति की तरफ से एक दिवसीय 'मफलर बांधकर बाइक चलाओ, चाइनीज मांझे से खुद को बचाओ' अभियान चलाकर दुपहिया वाहन चालकों को मफलर वितरित कर चाइनीज मांझे से बचाओ को लेकर जागरूकता का सन्देश दिया गया। समिति संरक्षक सदस्य एडवोकेट इब्राहीम गौरी के नेतृत्व में अभियान के तहत 110 मफलर वितरित किए गए। इस अवसर पर समिति संस्थापक करामत खान उर्दू अदीब ने बताया कि समिति की तरफ से शहर में विभिन्न जगहों पर दुपहिया वाहन चालकों को मफलर वितरित कर उनको चाइनीज मांझे से बचने के लिए जागरूक किया गया। समिति मीडिया प्रभारी मोहम्मद



अली पठान ने कहा कि मफलर ठंड लगने, गले के संक्रमण और कान की समस्याओं से बचाओ करने में मदद करता है। साथ ही इस मौके पर हेलमेट लगाने के लिए भी प्रेरित किया गया। इस दौरान समिति निदेशक सदस्य अयूब खान, समाजसेवी हमीद खान रिसालदार, मो. सलमान खान, गुलाम हुसैन गौरी, सुलेमान मनीहार, रफीक मनीहार, यूनुस खान, इरफान खानइंसानियत एकता सेवा समिति की तरफ से दुपहिया वाहन चालकों को 110 मफलर वितरित किए गए, अबरार खान, करण सैनी, पंकज सैनी, जाकिर अली खान, यूनुस अली भाटी आदि मौजूद रहे। समिति व्यवस्थापक इंजीनियर जाफर खान ने आभार व्यक्त किया।

# लक्ष्यों की पूर्ति में लापरवाही नहीं होगी बर्दाश्त - जिला कलक्टर

## -राजस्व अधिकारी आमजन को राहत देने के लिए करें शीघ्र मामलों का निस्तारण

**शब्बीर हुसैन**

बारां (रॉयल पत्रिका) आमजन को त्वरित राहत और न्याय प्रदान करने के लिए उपखंड अधिकारी अपने कर्तव्यों के प्रति पूरी तरह से सचेत रहें, यह कहना है जिला कलक्टर रोहिताश्व सिंह तोमर का। जिला कलक्टर ने शुक्रवार को मिनी सचिवालय सभागार में जिले के राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। जिसमें उन्होंने राजस्व न्यायालय सहित सम्पर्क पोर्टल व सीएमओ से प्राप्त प्रकरणों के निराकरण में प्रगति लाने के निर्देश दिए। जिला कलक्टर ने जिले के सभी उपखंड अधिकारियों से राजस्व परिवादों के निस्तारण को और सुदृढ करने और पर्याप्त मॉनिटरिग करने के निर्देश दिए। उन्होंने विभिन्न मानकों में पीछे रहने वाले उपखंड अधिकारियों को कड़े निर्देश देते हुए कार्यों को समय से पूरा करने के निर्देश दिए। वहीं सभी तहसीलदारों को लंबित प्रकरणों को शीघ्रता पूर्वक निपटाने एवं अधिक समय फील्ड में रहने के निर्देश दिए। बैठक में जिला कलक्टर ने कहा कि राजस्व अधिकारी प्रतिदिन न्यायालय में बैठकर आमजन के प्रकरणों की सुनवाई करते हुए अधिकाधिक प्रकरणों को सुनकर लोगों को राहत प्रदान करें। इसके साथ



ही मुख्यमंत्री कार्यालय से प्राप्त व लंबित परिवादों का यथाशीघ्र निस्तारण सुनिश्चित करे। जिला कलक्टर ने बैठक में सभी उपखंड अधिकारियों को क्षेत्र में अवैध खनन पर कड़ी निगरानी रखने, विधानसभा प्रश्नों का निर्धारित समयावधि में जवाब प्रेषित करने एवं जर्जर भवन वाले विद्यालयों की शिफ्टिंग अतिशीघ्र सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राजस्व वसूली प्रकरण में लक्ष्य निर्धारित करते हुए प्रगति सुनिश्चित की जाए। सीमाज्ञान व जमाबंदी के मामलों को भी त्वरितगति से निस्तारित करें।

**लापरवाह बीडीओ को देवें चार्जशीट-**

जिला कलक्टर ने बैठक में जिला परिषद के सीईओ को निर्देश देते हुए कहा कि स्वच्छ भारत मिशन के कार्यों के प्रदर्शन में सुधार लाते हुए वांछित प्रगति लाना सुनिश्चित करे। इसके साथ ही जो भी विकास अधिकारी अपने लक्ष्यों की पूर्ति में लापरवाही दर्शा रहे है ऐसे अधिकारियों को तुरंत प्रभाव से चार्जशीट देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी उपखंड अधिकारी व विकास अधिकारी नियमित रूप से विभिन्न विभागों के साथ बैठक करते हुए विकास कार्यों में गति लाएं। बैठक के दौरान उन्होंने एमजेएसए, विधायक व सांसद निधि, नरेगा आदि योजनाओं के कार्यों का समयबद्ध निस्तारण के भी निर्देश दिए। लक्ष्यों की पूर्ति में लापरवाही नहीं होगी बर्दाश्त बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर भंवरलाल जनागल, जिला परिषद सीईओ राजवीर सिंह चौधरी, सीएमएचओ संजीव सक्सेना, सहायक निदेशक जनसम्पर्क योगेन्द्र शर्मा सहित सभी उपखंड अधिकारी एवं तहसीलदार आदि उपस्थित थे।

# मौलाना अबुल कलाम आजाद एजुकेशन इंस्टिट्यूट की कार्यकारिणी मीटिंग संपन्न




चूरू (रॉयल पत्रिका) । जिला मुख्यालय पर मौलाना अब्दुल कलाम आजाद वेलफेयर सोसाइटी की मीटिंग संपन्न हुई मीटिंग में उपस्थित सदस्यों ने निर्माणाधीन बिल्डिंग के कार्यों का निरीक्षण किया एवं भविष्य में बिल्डिंग का मल्टी-प्रपज उपयोग लेने पर विचार-विमर्श किया गया, सभी सदस्यों ने अपने-अपने विचार रखें जिसमें बिल्डिंग के ऊपर छत पर सोलर प्लांट लगाने, 5 G टावर लगाने एवं शहीद स्मारक बनाने पर विचार किया गया। साथ ही जो भी बिल्डिंग का कार्य अभी अधूरा है उसके लिए भामाशाहों से संपर्क कर कार्य को जल्द से जल्द पूर्ण करवाने की चर्चा की गई मीटिंग में उपस्थित सदस्य में मुस्ताक लुहार और युनस अली लुहार ने मुस्लिम लुहार समाज की तरफ से सहयोग की नियत से बिल्डिंग निर्माण के लिए बीस हजार छ सौ रूपये का नगद सहयोग किया ।मीटिंग में अध्यक्ष आजम अली खान पितीसर, मोहम्मद अली पठान, इनायत खां मोयल, हबीब खां, मैनुदीन खां फतेहखानी, आवेश कुरैशी, मौलाना अबुल कलाम आजाद एजुकेशन इंस्टिट्यूट की सैयद आरिफ कमाल, मोहम्मद इमरान भाटी, युनस अली भाटी, सुलेमान मणियार उपस्थित रहे। बैठक का सफल संचालन मोहम्मद अली पठान ने किया। अध्यक्ष आजम अली खान ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# चुरु के शमशाद खान यू.ए.ई में बेस्ट अंपायर अवार्ड 2025 से सम्मानित

चुरू (रॉयल पत्रिका)। जिला मुख्यालय के वार्ड न. 38 अगुना मोहल्ला के शमशाद खान पुत्र फारुक खान को बेस्ट अंपायर अवार्ड 2025 का खिताब (अवॉर्ड) दिया गया शमशाद खान यू.ए.ई में क्रिकेट खेलने के लिए गए थे वहां क्लब से काफी क्रिकेट भी खेली पर इंजरीयो की वजह से क्रिकेट आगे नहीं खेल पाए पहले उनका क्रिकेट खेलते वक्त हाथ टूट गया था ऑपरेशन करवा के ठीक हो कर वापस खेलना शुरू किया तो उनको बैक पेन इंजरी हो गई जिससे वो फिर क्रिकेट से दूर हो गए फिर उन्होंने अंपायरिंग में जाने का मन बनाया और दुबई




में अंपायरिंग कोर्स करके वहां क्लब के मैचों में अंपायरिंग करने लगे शमशाद खान शारजाह इंटरनेशनल स्टेडियम ओर दुबई इंटरनेशन स्टेडियम में भी अंपायरिंग कर चुके है और उन्होंने 800 मैचों से ज्यादा में अंपायरिंग कर चुके है दुबई में राजस्थान के एक मात्र अंपायर शमशाद खान चूरू के रहने वाले हैं।

# समाज में दिया संदेश बड़ी ही सादगी के साथ सगाई की रस्म अदा की- समीर खान

**मोहम्मद अली पठान**

चूरू (रॉयल पत्रिका)। जिला मुख्यालय पर वन विहार कॉलोनी में 10 जनवरी 2026 सगाई की रश्म। सलीम ख़ान मुन्याण प्रिन्सिपल के बेटे समीर खान की सगाई, सादगी के साथ एक रूपये नारियल में सिकंदर खान दुलेखानी एनआरआई की लड़की के साथ गणमान्य रिश्तेदारों की मौजूदगी में चूरू मे संपन्न हुई। लड़का डीईओ नूर मोहम्मद खान का दोहिता और शौकत अली खान झारिया रिटायर्ड एडिशनल कमिश्नर का भतीजा है। लड़की रि. प्रिन्सिपल नज़ीर मोहम्मद खान महरीवालो के साले की पोती और एएसआई अयूब खान पितिसर की भतीजी है। दोनों ही शिक्षित परिवार हैं, सादगी का परिचय देकर समाज को एक संदेश देने की कोशिश की है। मुझे य़ह फेक्शन अटेंड करने का मौका मिला और मैं इस सादगी



पूर्ण दावत का हिस्सेदार बना, इस बात की मुझे खुशी हुई इसलिए सोचा कि मैं यह बात समाज में भी बेहतरीन संदेश के लिए शेयर करूं। प्रोग्राम में डॉ. इकराम हुसैन, डॉ. मोहम्मद आरिफ खान, पूर्व पीएम ओ डॉ. एफएच गोरी, अयूब खान रिटायर्ड एडिशनल एसपी, भँवर खान रिटायर्ड एडीईओ, नूर मोहम्मद खान रिटायर्ड आबकारी अधिकारी, नज़ीर मोहम्मद खान रिटायर्ड प्रिन्सिपल, अयूब खान एएसआई, यूनुस खान भाई खानी, याक़ूब खान मुन्याण, कैप्टन जसवंत खान, जंग शेर खान, कासिम खान रिटायर्ड प्रिन्सिपल, उम्मेद खान रिटायर्ड प्रिन्सिपल, मुबारक खान पहाड़ियांन जेजेएन, दाऊद खान भाई खानी डाडुन्दा, उम्मेद खान भीमसर, असगर खान, अब्बास खान अखाण और समस्त मुन्याण एवं दूल्हेखानी परिवार ने शिरकत की। काफी तादाद में मौजिज लोग उपस्थित रहे। इंटेलेक्चुअल मुस्लिम सोसाइटी मेंबर्स भी शामील रहे।

# हज प्रशिक्षकों का प्रशिक्षण कार्यक्रम हुआ सम्पन्न



**मोहम्मद यासीन**

मुम्बई (रॉयल पत्रिका)। भारत सरकार के अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय के अंतर्गत हज कमेटी ऑफ इंडिया की तरफ से हज 2026 के तहत "हज प्रशिक्षकों के प्रशिक्षण कार्यक्रम" मुम्बई स्थित केंद्रीय हज कार्यालय के ऑडिटोरियम होल में अखिल भारतीय हज कमेटी सी ई ओ शहनवाज सी एवं सी जे आई जेद्दाह फहद अहमद सुरी के मुख्य आतिथ्य में आयोजित राजस्थान हज कमेटी से पाली से हज ट्रेनर आमीन अली रंगरेज़ ने दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर में भाग लिया कार्यक्रम में केंद्रीय अल्पसंख्यक मंत्रालय, विदेश मंत्रालय स्वास्थ्य मंत्रालय के अधिकारियों एवं विषय विशेषज्ञों ने प्रशिक्षण दिया। केंद्रीय हज कमेटी द्वारा 10-11 जनवरी को मुम्बई में आयोजित हज प्रशिक्षकों के प्रशिक्षण शिविर में राजस्थान से हज यात्रा में जाने वाले यात्रियों को प्रशिक्षित करने के लिये पाली के आमीन अली रंगरेज़ सहित राजस्थान एवं विभिन्न प्रदेशों के हज ट्रेनरों के प्रशिक्षण में भाग लिया। इस ट्रेनिंग प्रोग्राम में हज़ कमेटी ऑफ इंडिया अधिकारीगण व पुरे भारत से स्टेट हज कमेटी के चेयरमैन और अधिशाषी अधिकारीयों ने शिरकत की, दो दिवसीय प्रोग्राम में पूरे भारत से लगभग 650 चयनित हज ट्रेनर्स शामिल हुए इस कॉन्फ्रेंस में इस साल हज़ में, हज कमेटी ऑफ इंडिया व भारत सरकार द्वारा क्या क्या व्यवस्थाए की जाएगी इस वर्ष हज़ 2026 मे क्या क्या बदलाव किये गये उसकी विस्तार से जानकारी दी गई।

# ऑल इंडिया बार काउंसलिंग में सफलता प्राप्त कर एडवोकेट बने बिलाल खान और समीर खान

चूरू (रॉयल पत्रिका)। जिला मुख्यालय पर ऑल इंडिया बार काउंसलिंग परिक्षा में आथूना मोहल्ला वार्ड नं 12 एक गौड परिवार के दो भाई बिलाल खान गौड और समीर खान गौड पुत्र अयूब खान गौड़ पहले ही प्रयास में सफलता हासिल की है। इस परिक्षा में पूरे देश के छात्रो ने भाग लिया इस अवसर पर परिवार के सदस्यों में खुशी लहर है इस अवसर लड़के के ताऊ निसार अहमद खान रिटायर्ड रेलवे स्टेशन मास्टर, असगर अली जोईया रिटायर्ड अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी, अयूब खान गौड़, यूनुस खान गौड, बहन सानिया गौड, भाई अरमान खान और माँ सबीना गौड़, चाची समीम गौड़े,



भाई आदील खान गौड़, अरमान खान परिवार के सदस्यों ने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि हमारे समाज में शिक्षा की कमी के कारण हमें सरकारी कार्यालय में काफी मशक्कत करनी पड़ती है और हमारे काम भी नहीं होते हैं इसलिए हमारे बच्चे अपने काम के साथ-साथ समाज की सेवा भी करेंगे । और शिक्षित होना बहुत ही आवश्यक है। लड़के के दादा स्वर्गीय नबी बख्श खान गौड राजस्थान पुलिस में कार्यरत थे। आज उनके पोते एडवोकेट बने है यह हमारे लिए बहुत ही खुशी की बात है।

# तालुका विधिक सेवा समिति सांचौर की ओर से जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया

## -शिविर में विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों व सरकारी योजनाओं की दी जानकारी

सांचौर (रॉयल पत्रिका)। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पालड़ी सोलंकियां में तालुका विधिक सेवा समिति सांचौर की ओर से विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में विद्यार्थी को नशा उन्मूलन, नशे के दुष्परिणामो, जनोपयोगी सेवा समस्या समाधान तथा विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। इस अवसर पर अधिकार मित्र रमेश कुमार गर्ग ने नशा उन्मूलन पर प्रकाश डालते हुए बताया कि नशा करने से शरीर और परिवार दोनों का नाश होता है। नशे के कारण अनेक गंभीर बीमारीया हो जाती हैं, जिनका कोई इलाज नहीं होता तथा नशा करने से दर्दनाक मौत भी होती हैं। इसके साथ ही नशे से धन संपत्ति का नुकसान होता है और नशा करने वाला व्यक्ति अपने परिवार का समुचित पालन पोषण नहीं कर पाता, जिससे बच्चों का स्वास्थ्य शिक्षा और भविष्य प्रभावित होता है। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई गई। नशा मुक्त प्रदेश अभियान के अंतर्गत विद्यार्थियों ने यह प्रतिज्ञा ली की वे स्वयं नशा नहीं करेंगे तथा अपने परिवार मित्रों और समुदाय को भी नशा मुक्त करने के लिए संभव प्रयास करेंगे। सिविल में विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति, पेंशन, पालनहार योजना सहित विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई।

# कड़ाके की ठंड को देखते हुए जिला कलक्टर ने किया रैन बसेरे का निरीक्षण

हनुमानगढ़ (रॉयल पत्रिका)। शीत ऋतु में जरूरतमंदों को राहत प्रदान करने के उद्देश्य से संचालित रैन बसेरों की व्यवस्थाओं का जायजा लेने हेतु जिला कलक्टर डॉ. खुशाल यादव ने शुक्रवार देर रात जंक्शन बस स्टैंड स्थित रैन बसेरे का निरीक्षण किया। रात करीब 11.30 बजे किए गए निरीक्षण के दौरान नगर परिषद आयुक्त सुरेन्द्र यादव भी साथ रहे। जिला कलक्टर ने रैन बसेरे में ठहरे हुए लोगों से उपलब्ध सुविधाओं के बारे में विस्तार से फीडबैक लिया। नगर परिषद को नागरिकों हेतु अतिरिक्त चारपाई की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, ताकि अधिकाधिक जरूरतमंदों को बेहतर सुविधा मिल सके। इसके उपरांत जिला कलक्टर डॉ. यादव मुख्य बाजार पहुंचे तथा डिवाइडर और दुकानों के आगे बैठे नागरिकों से बातचीत की। उन्होंने समझाइश कि की शीत ऋतु में ठंड से बचाव के लिए प्रशासन की ओर से रैन बसेरों में निःशुल्क आश्रय उपलब्ध कराया




जा रहा है। जहां रजाई, बिस्तर जैसी व्यवस्थाए की गई हैं, ताकि कोई भी व्यक्ति ठंड से प्रभावित न हो। जिला कलक्टर ने बताया कि रैन बसेरों में आश्रय लेने वालों को अन्नपूर्णा रसोई के माध्यम से मात्र आठ रुपए में भरपेट भोजन भी उपलब्ध कराया जा रहा है, जिससे कोई भी व्यक्ति भूखा न सोए। उन्होंने नगर परिषद आयुक्त को समस्त व्यवस्थाओं को और अधिक सुदृढ़ एवं व्यवस्थित रखने के निर्देश दिए।

# सांचौर नगर पालिका में संविदा पर कार्मिक लगाने का मामला डीएलबी में अटका



कार्यालय नगर परिषद सांचौर (राज.)

दिनांक -25/1/2025

-:: कार्यालय-आदेश ::-

श्रीमान निदेशक एवं विशिष्ट सचिव महोदय, निदेशालय स्थानीय निकाय विभाग, राज. जयपुर के कार्यालय पत्र क्रमांक-एफ.15(ग)पीडी/डीएलबी/एनयूएलएम/एच.आर.सी.बी.टी./2021/31562-31870 दिनांक 31.12.2024 की पालना में दीनदयाल अन्त्योदय योजना राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन योजना के ... ढांचे के कार्मिकों की सेवाएं नगर परिषद सांचौर द्वारा संविदा पर श्री बाबूदान सामुदायिक संगठक को नगर परिषद सांचौर में वित्तीय स्रोत से मिशन स्वीकृति तक लगाने की स्वीकृति प्रदान की जाती है। इनको प्रतिमाह 14000/-रुपये मानदेय देय होगा।

(त्रिकमदान चारण)
अधिशाषी अधिकारी

सांचौर (रॉयल पत्रिका)। सांचौर नगर पालिका में नियम विरुद्ध संविदा कर्मी की नियुक्ति का मामला प्रकाश में आने के बाद भी जांच आगे नहीं बढ़ी इससे डीएलबी की भी भूमिका भी सवालों के घेरे में आ गई है। सात माह से कार्रवाई की बजाय इसे फाइल में लटका कर रख दिया है। जानकारी के अनुसार नियमों को ताक में रखकर नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी त्रिकमदान चारण ने रिश्तेदार बाबू दान चारण को 25 जनवरी 2025 को संविदा की पोस्ट पर नियुक्त किया है। नियमो के मुताबिक प्लेसमेंट एजेंसी के जरिए कार्यरत कार्मिक को इस तरह सीधे संविदा पर लेना प्रतिबंधित बताया जा रहा है इसके बावजूद बाबू दान चारण को न केवल नियुक्त दी गई बल्कि लगातार नियम विरुद्ध भुगतान भी किया जा रहा है। रिश्तेदार को नियुक्ति प्रदान करने के मामले में विभाग के आदेशों की अवहेलना हुई बताई। यहां दीनदयाल अंत्योदय योजना राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन योजना के तहत एचआर एजेंसी के माध्यम से अनुबंध से लेने के आदेश में स्पष्ट निर्देश करते हुए बताया गया था कि निकाय अपने स्तर पर स्वयं के वित्तीय स्रोत से नया मिशन के तहत अनुबंध पर कार्मिकों की सेवाएं ले सकती है, जिस पर नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी त्रिकमदान चरण ने विभाग के आदेशों के विपरीत सीधे संविदा पर कार्मिक को नियुक्ति कर आदेश प्रदान कर दिया। जो नियमों की खुली अवहेलना बताई। मामला जिला स्तरीय जनसुनवाई मुख्यमंत्री जनसुनवाई व डीएलबी में पहुंचा।

# डोडा चूरा तस्करी नेटवर्क का भंडाफोड़, 469 किलो 550 ग्राम डोडा चूरा जब्त

## -गेंहु की आड़ हो रही थी मादक पदार्थों की तस्करी, पिकअप के साथ एक आरोपी गिरफ्तार, पुलिस थाना असनावर की कार्यवाही

**फिरोज खान वारसी**

झालावाड़ (रॉयल पत्रिका) । पुलिस अधीक्षक अमित कुमार ने बताया कि संगठित, अपराध अवैध मादक पदार्थ तस्करों के विरुद्ध जिला स्तर पर विशेष अभियान चलाया जा रहा है जिसमें अवैध मादक पदार्थों की खरीद-फरोख्त, अवैध मादक पदार्थों का परिवहन, अवैध मादक पदार्थों के निर्माण संबंधित व अवैध मादक पदार्थों की खपत से संबंधित अवैध कार्यों में संलिप्त अपराधियों के विरुद्ध जिला स्पेशल टीम व जिले के समस्त थाना अधिकारियों को थाना स्तर पर विशेष टीमों का गठन का प्रभावी कार्यवाही किए जाने बाबत निर्देशित किया हुआ है। अभियान के तहत भागचंद मीणा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक झालावाड़ के निर्देशन बृजेश कुमार पुलिस उपाधीक्षक वृत्त अकलेरा के के निकटतम सुपरविजन में थानाधिकारी पुलिस थाना असनावर के नेतृत्व में गठित विशेष टीम द्वारा अवैध मादक पदार्थ तस्करों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही करते हुए दिनांक 11.01.2026 को डुंगर गांव घाटी एन.एच. 52 अकलेरा झालावाड़ रोड पर दौराने नाकाबन्दी अकलेरा की तरफ से पिकअप आती साती हुई दिखाई दी जिसे रुकवाया गया जिसपर जसपर आरजे 32 जीडी 2131 की नम्बर प्लेट लगी थी। चालक से नाम पुछने पर अपना नाम प्रदीप कुमार सिंह उर्फ प्रदीप कालीराणा बताया। चालक की गतिविधियां संदिग्ध प्रतीत होने पर नियमानुसार तलाशी लेने पर पिकअप से 40 बोरे में गेहूं व 26 प्लास्टिक के कट्टों में कुल 469 किलो 550 ग्राम अवैध मादक पदार्थ डोडा-चुरा बरामद किया गया। पिकअप जप्त करते




हुए 01 आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता अर्जित की है। सम्पुर्ण कार्यवाही में जिला स्पेशल टीम का महत्वपुर्ण योगदान रहा।

**पुलिस कार्यवाही-**

पुलिस अधीक्षक ने बताया कि 11.01.2026 को डुंगर गांव घाटी,एन.एच. 52 अकलेरा झालावाड़ रोड पर नंदकिशोर थानाधिकारी पुलिस थाना असनावर द्वारा मय जाप्ता नाकाबंदी की जा रही थी इसी दौरान दौराने नाकाबन्दी अकलेरा की तरफ से पिकअप आती हुई दिखाई दी जिसे रुकवाया गया, नियमानुसार तलाशी लेने पर पिकअप से 26 प्लास्टिक के कट्टों में कुल 469 किलो 550 ग्राम अवैध मादक पदार्थ डोडा-चुरा बरामद किया जाकर परिवहन में काम में ली गयी पिकअप जप्त करते हुए 01 आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता अर्जित की है। जप्तशुदा पिकअप पर लगी नम्बर प्लेट का मिलान वाहन के चेचिस नम्बर से नहीं हुआ साथ ही साथ पिकअप से एक और अन्य फर्जी नम्बर प्लेट भी बरामद की गयी है। अभियुक्त द्वारा शातिराना तरीके से नम्बर प्लेट बदल-बदल कर मादक पदार्थ तस्करी का कार्य किया जाता है। आरोपी द्वारा इतनी बडी मात्रा में अवैध मादक पदार्थों की खरीद कर उसकी खपत कहां-कहां की जानी थी तथा उसके साथ तस्करी नेटवर्क में और कौन-कौन लोग सम्मिलित है इस संबंध में आरोपी से पूछताछ जारी है।

**गिरफ्तार आरोपी-**

प्रदीप कुमार सिंह उर्फ प्रदीप कालीराणा पुत्र जीयाराम जाति जाट उम्र 26 साल निवासी नान्दियाप्रभावती पुलिस थाना भोपालगढ़ जिला जोधपुर ग्रामीण राजस्थान

**पुलिस टीम-**

जिला स्पेशल टीम झालावाडः- प्रभारी जिला स्पेशल टीम झालावाड मय जाप्ता सुरेन्द्र,हैड कानि.महावीर कानि. भरतराज कानि रामलाल कानि. दौलतराम कानि. श्यामलाल कानि. व चन्द्रशेखर कानि. पुलिस थाना असनावर नन्दकिशोर पु.नि. थानाधिकारी मय जाप्ता सत्येन्द्र सिंह कानि. सियाराम कानि. तेज करण कानि. राजकुमार कानि. व चालक भरत कुमार कानि. विशेष भुमिकाः सुरेन्द्र हैड कानि.रामलाल कानि. (जिला स्पेशल टीम झालावाड़) की रही।

**आवश्यकता**

जयपुर से प्रकाशित होने वाले अख़बार "रॉयल पत्रिका" को सीकर, झुंझुनूं के लिए रिपोर्टर की आवश्यकता है। वेतन योग्यतानुसार। संपर्क करें - 8058969180/9799559096

# कुरैशी समाज की "नो दहेज, नो गार्डन, नो डिनर" मुहीम का दिखने लगा है असर

***-24 दिसंबर 2024 को जयपुर के झोटवाड़ा में समाजसेवी और मुस्लिम व्यवसायी छुट्टन कुरैशी की बेटी एवं जमीयतुल कुरैश राजस्थान के प्रदेश अध्यक्ष नईम कुरैशी के बेटे का कुरैशी बिरादरी में पहली बार सादगी से निकाह हुआ। तब से आज तक कुरैशी समाज के प्रबुध लोगों की कोशिशें से सैंकड़ों जोड़ों का निकाह सादगी से हुआ है जिससे समाज का करोड़ों रुपए फिजूल खर्ची से बच गया है।***



जयपुर (रॉयल पत्रिका)। मुस्लिम समाज वर्तमान में दिखावे की परंपरा से पीड़ित हो गया है। समाज के लोग बेटी- बेटों की महंगी शादिया करने में लगे हुए हैं। जबकि ज्यादातर लोग अपने बेटी-बेटों की पढ़ाई पर इतना खर्च नहीं करते हैं जितना शादियों में फिजूल खर्ची पर कर देते हैं। मुस्लिम समाज के कुछ लोग दूसरों की बराबरी करने के लिए कर्ज लेकर महंगी शादिया आयोजित करने में नहीं चुकते हैं । यही कारण है की कर्ज लेकर शादी करने वाले परिवार हमेशा आर्थिक तंगहाली में जीते हैं और शादी करने वाले दूल्हा-दुल्हन के लिए जिंदगी भर परेशानी खड़ी कर देते हैं। मुस्लिम समाज में जड़ो तक फैल चुकी इस परंपरा का विरोध करने की किसी ने हिम्मत नहीं की। लेकिन 24 दिसंबर 2024 को कुरैशी एवं मुस्लिम समाज के बड़े व्यवसायी छुट्टन कुरैशी एवं जमीयतुल कुरैश राजस्थान के प्रदेश अध्यक्ष के बेटी-बेटो का निकाह सादगी से संपन्न करवाया गया और निकाह में उपस्थित लोगों को सिर्फ खजूर और शरबत रस्म के तौर पर दिए गए । जयपुर में यह ऐसी शादी थी जिसमें दोनों परिवार आर्थिक रूप से मजबूत व्यक्ति थे फिर भी नो गार्डन, नो दहेज, नो डिनर को आधार बनाकर सादगी से शादी की गई । इस शादी में सबसे अच्छी बात यह थी की दुल्हन के पिता, दूल्हे के पिता और स्वयं दूल्हा-दुल्हन सभी सादगी के निकाह के लिए पूरी तरह राजी ही नहीं थे बल्कि समाज के दहेज की बुरी परंपरा से निकलना चाहते थे।

## नो दहेज, नो गार्डन और नो डिनर के फायदे:-

बिना दहेज की शादियों में कुरैशी समाज के परिवारों का लाखों रुपए फिजूल खर्ची से बच रहा है। गार्डन, दहेज और डिनर पर खर्च तो होता ही था। साथ में लंबे समय के साथ इनका इंतजाम में समय बर्बाद भी होता था । कुरैशी समाज में व्यवसायी छुट्टन कुरैशी और नईम कुरैशी के बेटे-बेटियों की सादगी से संपन्न हुई शादी अब एक मुहिम बनती नजर आ रही है। कुरैशी समाज के अब तक करोड़ों रुपए बचाए जा चुके हैं । कांग्रेस नेता और जमीयतुल कुरैश यूथ विंग के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं कांग्रेसी नेता इमरान कुरैशी ने कहा कि कुरैशी समाज में सादगी से निकाह और शादियों के कारण समाज के बच्चों की पढ़ाई के लिए पैसा बचाया जा सकेगा और उसे पैसे को व्यवसाय करने में भी लगाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि नो दहेज, नो गार्डन और नो डिनर के कारण कुरैशी एवं मुस्लिम समाज का आसानी से विकास हो सकेगा।

## कायमखानी समाज में भी सादगी से हुई शादी :-



कायमखानी बिरादरी में जुमा के रोज 9 जनवरी 2026 को बड़ी मस्जिद जालूपुरा जयपुर में बाद नमाज़ ए असर मरहूम हाजी अब्दुल शकूर खान पहाड़ियान के पोते और मोहम्मद अकरम के बेटे अल मोहम्मद साजीद का निकाह मरहूम अब्दुल जब्बार खान मलकान की पोती और आबिद अली की बेटी शीरीन अली खान के साथ बिना बैंड, दहेज, बारात के खाने और लेन देन के सादगी और सुन्नत के मुताबिक हुआ, जिससे समाज में सादगी और सुन्नत के मुताबिक निकाह को आसान करने वाला मैसेज दिया गया। दूल्हा-दुल्हन और दोनों परिवार को नेक पहल के लिए समाज के लोगों ने मुबारकबाद दी। मौलवी नसीबुद्दीन साहब ने निकाह को सुन्नत के मुताबिक करने के लिए कहा, मुफ्ती मोहम्मद शफीक कायमखानी साहब ने निकाह पढ़ाया, अल्लाह तमाम उम्मत को अमल की तौफीक अता फरमाए।




## 6 और 8 जनवरी को फिर हुआ सादगी से निकाह:-

कुरैशी समाज में एक वर्ष के दरमियान पूरे प्रदेश में करीब 100 ऐसे निकाह संपन्न हो चुके हैं जिनमें नो दहेज, नो गार्डन और नो डिनर को थीम बनाकर सादगी से निकाल करवाया गया है। इसी तरह 6 जनवरी 2026 को झोटवाड़ा निवासी मेराज कुरैशी के पुत्र सोहेल का निकाह एमडी रोड निवासी नासिर कुरैशी की लड़की अंजुम के साथ एवं 8 जनवरी 2026 को झोटवाड़ा निवासी मेराज कुरैशी की पुत्री का निकाह रामनगर शास्त्री नगर निवासी जहीरूद्दीन के पुत्र जुनैद के साथ सादगी से निकाह करवाया गया।

# बेहतरीन कनेक्टिविटी और मॉडर्न सुविधाओं से लैस 5 मंजिला कॉम्प्लेक्स, 100% लोन सुविधा के साथ ऑफिस उपलब्ध

***-जयपुर के 'हार्ट' में बिजनेस को दें नई उड़ान: सिंधी कैंप और रेलवे स्टेशन के पास 'मयंक ट्रेड सेंटर' बना नया कॉर्पोरेट हब***



जयपुर। गुलाबी नगरी जयपुर में अब अपने सपनों का ऑफिस बनाना और भी आसान हो गया है। शहर के बिल्कुल केंद्र (Centre of Jaipur) में स्थित 'मयंक ट्रेड सेंटर' में व्यापारियों और प्रोफेशनल्स के लिए ऑफिसेज सुनहरा मौका है। स्टेशन रोड स्थित यह 5 मंजिला अत्याधुनिक कमर्शियल कॉम्प्लेक्स अब जयपुर का नया बिजनेस लैंडमार्क बनकर उभर रहा है।

## कनेक्टिविटी है सबसे बड़ी यूएसपी (USP)-

किसी भी बिजनेस की सफलता उसकी लोकेशन पर निर्भर करती है। मयंक ट्रेड सेंटर की सबसे बड़ी खासियत इसकी 'सुगम कनेक्टिविटी' है। सिंधी कैंप बस स्टैंड, सिंधी कैंप मेट्रो स्टेशन और जयपुर रेलवे स्टेशन से महज चंद कदमों की दूरी पर स्थित होने के कारण यहां ग्राहकों और क्लाइंट्स का पहुंचना बेहद आसान है। साथ ही, चांदपोल स्टेशन की निकटता इसे शहर के हेरिटेज और आधुनिक दोनों हिस्सों से जोड़ती है। प्रमुख संस्थानों का केंद्र यह सेंटर शहर के प्राइम लोकेशंस जैसे कलेक्ट्रेट, न्यायालय (Court), एमआई रोड, सी-स्कीम और सिविल लाइंस के बेहद करीब है। इसी वजह से यह लोकेशन एडवोकेट्स, चार्टर्ड अकाउंटेंट्स (CA), आर्किटेक्ट्स और मीडिया प्रोफेशनल्स के लिए पहली पसंद बन रही है। इसके अलावा टूर एंड ट्रेवल्स, ज्वैलर्स, सॉफ्टवेयर कंपनियों, बैंगल्स कारोबार, बैंकर्स, MNCs और कॉरपोरेट ऑफिसेज के लिए यह एक आदर्श स्थान है। आधुनिक सुविधाएं और सुरक्षा मयंक ट्रेड सेंटर को आधुनिक कॉर्पोरेट जरूरतों को ध्यान में रखकर डिजाइन किया गया है। बिल्डिंग में फुल पार्किंग स्पेस, हाई-स्पीड लिफ्ट सुविधा और 24x7 सिक्योरिटी की पुख्ता व्यवस्था है, जो यहां काम करने वाले लोगों और विजिटर्स को एक सुरक्षित और आरामदायक माहौल प्रदान करती है। हर बजट के लिए ऑफिस स्पेस यहां छोटे स्टार्टअप से लेकर बड़ी कंपनियों तक, सभी के लिए जगह उपलब्ध है। सेंटर में 100 से लेकर 1500 स्क्वायर फीट तक के ऑफिस स्पेस उपलब्ध हैं। सबसे खास बात यह है कि खरीदारों और निवेशकों के लिए 100% लोन (Loanable) की सुविधा भी उपलब्ध कराई जा रही है, जिससे निवेश करना और भी आसान हो गया है।

**संपर्क सूत्र: इस प्राइम लोकेशन पर अपने बिजनेस को स्थापित करने या निवेश के सुनहरे अवसर के लिए इच्छुक खरीदार 8386947005 पर संपर्क कर सकते हैं।**

# चौमूं में बुलडोज़र कार्रवाई पर डॉ. मोहम्मद शोएब की प्रतिक्रिया



चौमूं । राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव डॉ. मोहम्मद शोएब ने कहा कि चौमूं की घटना के बाद जिस तरह से बुलडोज़र कार्रवाई की गई है, उसने कई गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। कानून-व्यवस्था बनाए रखना आवश्यक है, लेकिन न्याय की प्रक्रिया को दरकिनार कर त्वरित और एकतरफा कार्रवाई करना उचित नहीं कहा जा सकता। बिना ठोस सबूत और न्यायिक प्रक्रिया पूरी किए किसी के घर या प्रतिष्ठान पर बुलडोज़र चलाना संवैधानिक मूल्यों के विपरीत है। यदि किसी व्यक्ति की संलिप्तता साबित होती है, तो उस पर कानून के अनुसार कार्रवाई होनी चाहिए, लेकिन निर्दोष लोगों को डराने या सामूहिक दंड जैसी भावना से कदम उठाना सही नहीं है। प्रशासन को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि किसी भी कार्रवाई में भेदभाव न हो और किसी भी निर्दोष नागरिक के अधिकारों का हनन न किया जाए। प्रदेश में शांति, विश्वास और कानून का राज बनाए रखना सरकार की जिम्मेदारी है।

# नूर अहमद नूर, जिसे तालिबान ने भारत में सौंपी अफगान दूतावास की कमान



नई दिल्ली। अफगान विदेश मंत्री अमीर खान मुत्ताकी अक्टूबर में भारत के सात दिवसीय दौरे पर आए थे। मुत्ताकी के भारत आने के बाद से दोनों देशों के बीच संबंध पहले से बेहतर हुए हैं। मुत्ताकी के साथ नूर अहमद नूर भी भारत आए थे। जिन्हें अब नई दिल्ली में अफगान दूतावास का चार्ज डी'अफेयर्स नियुक्त किया गया है। ऐसे में अब सवाल यह है कि नूर अहमद नूर कौन है, जिसे तालिबानी शासन ने भारत की कमान सौंपी है। दरअसल, नूर अहमद नूर अफगानिस्तान के विदेश मंत्रालय में फर्स्ट पॉलिटिकल डिवीजन के पूर्व महानिदेशक रह चुके हैं। वह तालिबानी शासन के वरिष्ठ सदस्य हैं और दक्षिण एशिया मामलों को संभालते हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, नूर अहमद नूर दूतावास की जिम्मेदारी संभालने के लिए दिल्ली पहुंच चुके हैं।

### दोनों देशों के बीच बेहतर हुए रिश्ते:-

गौरतलब है कि अफगान विदेश मंत्री अमीर खान मुत्ताकी अक्टूबर में सात दिवसीय भारतीय दौरे पर आए थे। इस दौरान दोनों देशों के बीच रिश्ते बेहतर हुए। इसी समय भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर और अफगान विदेश मंत्री अमीर खान मुत्ताकी के बीच एक समझौता हुआ, जिसके तहत नई दिल्ली स्थित अफगान दूतावास के लिए इस्लामिक अमीरात द्वारा नियुक्त राजनयिकों को स्वीकार करने की बात पर सहमति बनी। अफगानिस्तान पर तालिबान के नियंत्रण के लगभग पांच साल बाद नूर अहमद नूर को नई दिल्ली स्थित अफगान दूतावास का चार्ज डी फेयर्स नियुक्त किया गया। सबसे खास बात यह है कि नूर अहमद नूर उस प्रतिनिधिमंडल का हिस्सा थे, जो मुत्ताकी के साथ भारत आया था। हालांकि, भारत ने तालिबान शासन को औपचारिक मान्यता नहीं दी है।

### गनी सरकार द्वारा नियुक्त, खिल संभाल रहे जिम्मेदारी:-

ज्ञात हो कि मुंबई और हैदराबाद स्थित अफगान वाणिज्य दूतावास भी तालिबान द्वारा नियुक्त राजनयिकों के जरिए संचालित हो रहा है। वहीं, नई दिल्ली स्थित दूतावास में पूर्व राष्ट्रपति अशरफ गनी की सरकार द्वारा नियुक्त सईद मोहम्मद इब्राहिम खिल अभी तक सीडीए का पद संभाल रहे हैं।

### दिसंबर में किया था बांग्लादेश का दौरा:-

नूर अहमद नूर ने पिछले साल दिसंबर 2025 में बांग्ला देश का दौरा किया था। इस दौरान उन्होंने वहां कई इस्लामी नेताओं से मुलाकात की। बांग्लादेश चुनाव से पहले इनकी इस यात्रा को बांग्लादेशी मीडिया ने बेहद खास बताया।

# कोयला 'विकसित भारत 2047' में निभाता रहेगा अहम भूमिका : पीएम मोदी

नई दिल्ली। पीएम मोदी ने सोमवार को कहा कि कोयला विकसित भारत 2047 की यात्रा में अहम भूमिका निभाना जारी रखेगा। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पीएम मोदी ने केंद्रीय कोयला और खनन मंत्री जी.कृष्ण रेड्डी का एक लेख साझा किया, जिसमें कहा गया था कि कैसे पिछले 11 वर्षों में भारत का कोयल क्षेत्र स्वयं को अगली पीढ़ी के ईंधन के रूप में ढाल रहा है। प्रधानमंत्री ने कहा, "केंद्रीय मंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि कोयला विकसित भारत 2047 की दिशा में भारत की यात्रा में योगदान देता रहेगा, और ग्रीन टेक्नोलॉजी के साथ आसानी से एकीकृत होगा।" सोमवार को जारी एक आधिकारिक बयान के अनुसार, देश में साल 2024-25 में अब तक का सबसे अधिक कोयले का उत्पादन हुआ है।









मुद्रक, प्रकाशक व स्वत्वाधिकारी मुन्नाखान के लिए अम्बर ऑफसेट प्राइवेट लिमिटेड, 3-A, डी एल टावर, विद्या आश्रम इंस्टीट्यूशनल एरिया, जेएलएन मार्ग, जयपुर से मुद्रित तथा रॉयल पत्रिका कार्यालय 4312, मोहल्ला नायकों का, जगन्नाथ शाह का रास्ता, नाहरबाडा, रामगंज, जयपुर से प्रकाशित। संपादक : मुन्नाखान मो. 9772552446 कार्यालय फोन - 0141-4982834 Gmail : royalpatrika@gmail.com Yahoo : royal_patrika@yahoo.com